आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज मदर्स डे”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 114 | उज्जैन, रविवार 10 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

ओडिशा तट से लंबी दूरी की परमाणु-सक्षम मिसाइल का किया सफल परीक्षण, भारत की ऐतिहासिक छलांग

## एक साथ कई टारगेट पर निशाना लगाने की टैक्नोलॉजी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने शुक्रवार को ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परीक्षण सेंटर से अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस मिसाइल में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक साथ कई परमाणु हथियारों को ले जाया जा सकता है। साथ ही एक बार में कई टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है।



### अग्नि-5 पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल

अग्नि सीरीज में भारत के पास अग्नि-1, 2, 3, 4 और 5 मिसाइलें हैं। अग्नि-5 भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल थी, जिसे डीआरडीओ ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है। आईसीबीएम ऐसी मिसाइलें होती हैं, जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक हमला कर सकती हैं। इस मिसाइल की रेंज 5 हजार किलोमीटर है। अग्नि- 5 बैलिस्टिक मिसाइल एक साथ कई हथियार ले जाने में सक्षम है। ये मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) से लैस है। यानी एक साथ कई टारगेट्स के लिए लॉन्च की जा सकती है। यह मिसाइल डेढ़ टन तक न्यूक्लियर हथियार अपने साथ ले जा सकती है। इसकी स्पीड मैक 24 है, यानी आवाज की स्पीड से 24 गुना ज्यादा। अग्नि-5 के लॉन्चिंग सिस्टम में कैनिस्टर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस वजह से इस मिसाइल को कहीं भी आसानी से ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। अग्नि-5 मिसाइल का इस्तेमाल भी बेहद आसान है, इस वजह से देश में कहीं भी इसकी तैनाती की जा सकती है।

परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अलग-अलग जगहों पर मौजूद कई टारगेट्स को सफलतापूर्वक हिट किया। ये सभी टारगेट हिंद महासागर क्षेत्र में फैले हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह भारत की दूसरी इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी रेंज लगभग 5 हजार से 7 हजार किलोमीटर तक है। इसकी स्पीड इतनी ज्यादा है कि दुश्मन के रडार और मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना लगभग नामुमकिन है।

अमरावती से उज्जैन महाकालेश्वर दर्शन करने आ रहे थे चार दोस्त

## खंडवा में कार पलटने से एक की मौत, दो युवतियां घायल

### मृतक को दोष निवारण के लिए कालसर्प का पूजन कराना था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खंडवा

खंडवा में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक बजे दर्दनाक हादसा हो गया। कार पलटने से सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में बैठी दो युवतियां घायल है, ड्राइवर सकुशल है। चारों दोस्त महाराष्ट्र के अमरावती के रहने वाले हैं। वहां से उज्जैन स्थित महाकाल ज्योर्तिलिंग के दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में हादसा हुआ और एक दोस्त की जान चली गई।

घटना खंडवा-अमरावती स्टेट हाईवे पर ग्राम गुड़ी में अनाज मंडी के पास हुई यहां एक ब्लाइंड टर्न है, यही ब्लैकस्पॉट बना हुआ है। जहां पिछले हफ्ते एक डीजे गाड़ी पलटने से दो युवकों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, कार एक्सीडेंट की वजह ब्लैक स्पॉट के साथ-साथ तेज रफ्तार और कार ड्राइवर को झपकी आना भी है।

कार ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि उसे नींद का झोंका आ गया था। इसी बीच कार अनियंत्रित हो गई, वह कंट्रोल करने लगा, तभी सामने जानवर दिखा, उसे बचाने में कार के ब्रेक लगा दिए, जिससे कि कार पलटी खा गई। ड्राइवर साइड में बैठे उसके दोस्त की मौत हो गई। इस दौरान कार के एयर बैग नहीं खुले, वरना दोस्त की जान बच सकती थी।



**खून से सन गई सड़क, मच गई चीख-पुकार-** घटना रात के एक बजे की थी। कार पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। कार सवार दोनों युवतियां डर गई। साथी गौतम कार के गेट से बाहर सड़क पर गिर पड़ा था। वह खून से इतना लथपथ था कि सड़क भी खून से सन गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पिपलोद थाने की डायल 112 गाड़ी मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक का पोस्टमार्टम शनिवार दोपहर में होगा।

**कार में सवार युवक अमरावती व मुस्लिम युवतियां दिल्ली से -** पिपलोद पुलिस के अनुसार, कार में गौतम पिता राजेश सेवानी (23) निवासी अमरावती, दर्शन पिता योगेश (23) निवासी अमरावती, तनु पिता चांद मियां (26) निवासी अमरावती व नायारा पिता रॉयल अली (24) निवासी दिल्ली सवार थी। कार को दर्शन ड्राइव कर रहा था। हादसे में गौतम सेवानी की मौत हुई है। दोनों युवतियों को हल्की चोंटे आई थी। प्राइमरी इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया है।

**मृतक स्पा संचालक**

कार ड्राइवर दर्शन के मुताबिक, वह टैक्सी चलाता है और गौतम उसका मित्र है। गौतम अमरावती में स्पा सेंटर चलाता है। दोनों युवतियां भी उसी स्पा सेंटर की वर्कर है। गौतम की शादी के लिए बात चल रही थी लेकिन उसे कालसर्प दोष था, जो कि रिश्ते में अड़चन बना हुआ था। इसी दोष के निवारण के लिए उज्जैन महाकाल मंदिर में शनिवार को पूजा थी जिसके लिए उज्जैन जा रहे थे।

मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि किसी भी सोसायटी में लाइन नहीं लग रही हेलीकाप्टर कहीं भी उतार दूंगा

## बारदान खत्म, सोसायटी बंद पड़ी : महेश परमार

### चार दिनों से किसान ट्रेक्टर लेकर लाइन में खड़े



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि किसी भी सोसायटी में लाइन नहीं लग रही। कहते हैं कि हेलीकॉप्टर कहीं भी उतार दूँगा और सब व्यवस्था ठीक मिलेगी। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

गुराडिया गुर्जर, माकड़ोन, टुकराल, निपानिया गोयल आदि सोसायटी में 4 दिनों से किसान अपने ट्रैक्टर लेकर लाइन में खड़े हैं। न बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था, न पीने के पानी का इंतजाम। आज तो हाल ये है कि बारदान खत्म होने की वजह से सोसायटी बंद पड़ी है। ऊपर से कोई जवाब देने वाला नहीं कि नया बारदान कब आएगा। क्या यही किसानों के सम्मान और सुविधा के बड़े-बड़े दावे हैं? किसान परेशान है, लेकिन सरकार सिर्फ बयान देने में व्यस्त है।

बिहार में टीचिंग जॉब के उम्मीदवारों पर लाठीचार्ज

## युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुके : राहुल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस एमपी राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने बिहार में प्रदर्शन कर रहे टीचर उम्मीदवारों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- कल पटना में टीचर उम्मीदवार जो अपने रोजगार के अधिकार के लिए शांति से विरोध कर रहे थे, उन्हें बिहार पुलिस ने फिर से बेरहमी से पीटा। बेरोजगार युवाओं को भाजपा का जवाबः लाठियां। उन्होंने लिखा- लाखों युवा, डिग्री और हुनर लेकर दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन भाजपा सरकार को न तो उनकी परवाह है और न ही आपकी। जब युवा अपना हक मांगने के लिए सड़कों पर उतरते हैं तो उन्हें नौकरी नहीं दी जाती बल्कि उनकी पीठ पर लाठियां बरसाई जाती हैं। भारत के युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुके हैं। वे अब चुप नहीं रहेंगे। कांग्रेस हर मोड़ पर उनके साथ खड़ी है।

## अब तक 9 जंग रुकवा चुका : ट्रम्प

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वे अब तक 9 अंतरराष्ट्रीय संघर्ष खत्म कराने में भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब उनकी कोशिश रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की है और वे इसे अपनी 10वीं शांति पहल बनाना चाहते हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए 2 यात्रियों के बैग से

## 35 करोड़ रुपए का हाइड्रोपोनिक गांजा मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास से 35 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया। इसकी कीमत 34.93 करोड़ रुपए है। दोनों यात्री थाई एयरवेज की फ्लाइट टीजी-323 से आए थे।

सिक्योरिटी चेक के दौरान एक्स-रे जांच में बैग संदिग्ध मिलने पर तलाशी ली गई, जिसमें 31 वैक्यूम-सील पैकेट मिले। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।



## ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्रोफाइल बदला

### पूर्व सीएम की जगह 15वीं, 16वीं 17वीं विधानसभा का सीएम और तृणमूल कांग्रेस का फाउंडर लिखा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बदलते ही पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल बदल दिया। उन्होंने बायो में लिखा, 'फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और 15वीं, 16वीं, 17वीं विधानसभा की मुख्यमंत्री। इससे पहले उनके बायो में फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर, वेस्ट बंगाल लिखा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार कर दिया। ममता ने इस्तीफा नहीं दिया। 7 मई को पश्चिम बंगाल की 17वीं विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो गया है। इसके बाद राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग कर दी थी






# देश विदेश

## लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि के हाथ में होगा तीनों सेनाओं का कंट्रोल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया है। वे जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त होने वाला है। देश के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने के साथ-साथ, लेफ्टिनेंट जनरल राजा सुब्रमणि पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले आदेश तक भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग में सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए रक्षा मंत्रालय ने लेफ्टिनेंट जनरल राजा सुब्रमणि को चार दशकों से अधिक की विशिष्ट सैन्य सेवा वाले एक उच्च सम्मानित अधिकारी के रूप में वर्णित किया।

## अमेरिका-ईरान अगले हफ्ते फिर इस्लामाबाद में बातचीत कर सकते हैं

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने को लेकर अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर बातचीत शुरू हो सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश मध्यस्थों के जरिए एक समझौता ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे एक महीने तक चलने वाली औपचारिक वार्ता का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित 14 बिंदुओं वाले ड्राफ्ट में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट में तनाव कम करने और ईरान के एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को किसी दूसरे देश भेजने जैसे मुद्दे शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें ईरान की तरफ से जल्द जवाब मिलने की उम्मीद है।

## सेलिना जेटली ने पति पीटर हाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई



### '2 दिन पहले एक्ट्रेस ने बेटे की कब्र पर जाकर रोने का वीडियो शेयर किया था

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक्ट्रेस सेलिना जेटली के पति पीटर हाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एक्ट्रेस ने उन पर मारपीट, नुकसान पहुंचाने, धमकी देने और लगातार परेशान करने के आरोप लगाए हैं। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 85, 115(2), 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत चल रही कानूनी प्रक्रिया के अलावा की गई है। जांच में सहयोग नहीं करने के चलते मुंबई पुलिस ने पीटर हाग के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले साल नवंबर में सेलिना जेटली ने अंधेरी कोर्ट में पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दायर करवाया था। कोर्ट डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अंतरिम राहत और एकतरफा राहत की मांग की थी। याचिका में सेलिना ने आरोप लगाया था कि उनके पति ने उन्हें काम करने से रोका, आर्थिक रूप से कमजोर किया और मुंबई स्थित घर अपने नाम करवाने का दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि यह सब उस समय हुआ, जब वह अपने नवजात बच्चे और माता-पिता की मौत के बाद डिप्रेशन से गुजर रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने पति पर इमोशनल, फिजिकल, सेक्सुअल, वर्बल और फाइनेंशियल अब्यूज का भी आरोप लगाया। उनका दावा किया कि उन्हें ऑस्ट्रिया में अपना घर छोड़कर भारत लौटने के लिए मजबूर किया गया और तब से उन्हें अपने बच्चों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। वहीं, सेलिना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह ऑस्ट्रिया में अपने दिवंगत बेटे शमशेर की कब्र पर रोती नजर आईं।

## खुलासा- ऑपरेशन सिंदूर में चीन ने पाकिस्तान को मदद दी

**बीजिंग।** चीन ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने पाकिस्तान को मदद दी थी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकारी मीडिया पर प्रसारित इंटरव्यू में चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के इंजीनियर झांग हेंग ने कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान में तकनीकी सहायता दे रही थी। उन्होंने बताया कि उनका काम लड़ाकू विमानों और उनसे जुड़े सिस्टम को पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार रखना था। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स चीन में बने जे-10सीई लड़ाकू विमान इस्तेमाल करती है। ये विमान एवीआईसी की सहायक कंपनी बनाती है। भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह जुलाई 2025 में दावा कर चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को महत्वपूर्ण सहायता दी थी।

## तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में 3 दोस्तों की मौत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 3 दोस्तों की मौत हो गई है। हादसे में एक का पैर कटकर अलग हो गया, दूसरे का हाथ कटा और तीसरे का पैर टूट गया है। बाइक सवार तीनों युवक के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। कार और बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान सिरार्भाठा निवासी तरुण यादव (20), राहुल सेवता (20) और नरेंद्र भुआर्या (21) निवासी मुडखुसरा के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के खैरीडीह गांव की है। सिर्राभाठा निवासी तरुण यादव अपने दोस्त राहुल और नरेंद्र भुआर्य के साथ बाइक से डौंडीलोहारा जा रहे थे। इसी दौरान राजनांदगांव की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# ए भाई जरा देख के चलो

वर्तमान में किसी भी मुद्दे को भूनाने में धोखाधड़ी करने वाले नहीं चूक रहे हैं। जनगणना का काम हो चाहे,महाआयोजन की तैयारी हो हर मुद्दे को नटवरलाल भूनाने में लगे हैं। हाल यह होते जा रहे हैं कि में नटवरलाल वर्दी को भी नहीं बख्श है। उनके साथ भी धोखाधडी के लिए हर पल तत्पर हैं। वर्दी के मुख्यालय से एक संदेश में यह स्वीकारते हुए कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिंहस्थ पुलिस वॉलेंटियर्स की भर्ती के संबंध में भ्रामक एवं असत्य जानकारी प्रसारित की जा रही हैं। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि विगत दिनों उज्जैन में आयोजित कार्यशाला के दौरान विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारियों को नगर एवं ग्राम रक्षा समितियों का पुनर्गठन करने तथा उक्त समितियों के सदस्यों का सिंहस्थ महापर्व के दौरान 'फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में उपयोग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि सिंहस्थ पुलिस वालंटियर्स का चयन पुलिस भर्ती की श्रेणी में नहीं आता है तथा इस संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश वर्तमान में जारी नहीं किये गये हैं। इन वॉलेंटियर्स को सामुदायिक पुलिस कार्य हेतु स्वयम सेवक के रूप में चयन किया जाना है। इनके मानदेय की स्थिति अभी विचाराधीन है। इस संबंध में जो भी भ्रामक जानकारी / वीडियो प्रसारित किये गये है वह नियम विरूद्ध हैं इस पर ध्यान नहीं दिया जाए। इस सबंध में सोशल मीडिया पर अनाधिकृत तथा भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है।




खुसूर-फुसूर है कि नटवरलालों का भ्रम फैलाने को लेकर निश्चित तौर पर लक्ष्य रहा होगा और वे इसे लेकर गैर जागरूक लोगों को इसके तहत निशाना बनाने की मंशा भी लिए होंगे। इसके लिए धरातल स्तर पर बहुत सारे कामों को किया जाना आवश्यक है। स्थानीय स्तर के साथ ही आसपास के जिलों में भी ऐसे सभी मुद्दों को लेकर आवश्यक परामर्श के साथ सलाह और एडवायजरी जारी की जाना चाहिए।

## न्यूज कॉलम

### मलखंब और योग शिविर में दिया गया स्वस्थ खान-पान का मंत्र

**उज्जैन।** 'खेलों के साथ व्यक्तित्व निर्माण' महा अभियान के तहत शहर में आयोजित ग्रीष्मकालीन मलखंब एवं योग प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में 'ईट राइट' अभियान के तहत खान-पान में नमक, चीनी और तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी.एस. देवलिया ने सही, स्वच्छ, सुरक्षित और फोर्टिफाइड भोजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दीप ज्योति हेल्थ एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, जिला खाद्य प्रशासन विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में एमआईसी सदस्य रजत मेहता और पार्षद सुशील श्रीवास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि संरक्षक डॉ. कपिल कटारिया भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को अल्पाहार का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मलखंब व योग कोच राहुल बारोट, वीशनेस सुगंधी, आदित्य गहलोत और संजना प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### जल गंगा संवर्धन, विद्यार्थियों ने ली जल संरक्षण की शपथ




**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने सभी को जल बचाने का संकल्प दिलाया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. नीरज सारवान, राधेश्याम, एनसीसी अधिकारी डॉ. मोहन निमोले और डॉ. भीम सेन अखण्ड सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### संभाग के दो जिलों में वन्य जीवों को लेकर संरक्षण एवं सतर्कता के साथ कार्य

# तेंदुआ का किया अंतिम संस्कार, मोर की आंखों से हटाई झिल्ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभाग के उज्जैन एवं मंदसौर जिला अंतर्गत वन्य जीवों को लेकर संरक्षण एवं सतर्कता के साथ कार्य के मामले सामने आए हैं। मंदसौर जिला अंतर्गत नीमच-झालावाड मुख्य मार्ग पर तेंदुआ की मौत का मामला सामने आया है। उज्जैन में राष्ट्रीय पक्षी मोर को आंखों पर फैली झिल्ली हटाते हुए अंधत्व से मुक्ति दी गई है।

मंदसौर वनमंडलाधिकारी संजय रायखेरे के अनुसार 7 मई 2026 को एक वन्यजीव तेन्दुआ की मृत्यु की घटना, मुख्य सडक नीमच झालावाड वन भूमि कक्ष क्रमांक 1011 बीट चंबल नं 3 वनपरिक्षेत्र गेम रेंज पूर्व गांधीसागर अभयारण्य के अंतर्गत सामने आई थी। इस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुऐ घटना स्थल को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई।

**डाग स्क्वाड पहुंचा स्थल पर वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की**







पोस्ट मार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों विशेषज्ञों डॉ. आकाश वाल्मीक एवं डॉ. सुमित कुमार पटेल के द्वारा किया गया। वन्यजीव तेन्दुआ शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह / भस्मीकरण की कार्यवाही म.प्र. शासन वन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेशानुसार द्वारा गठित समिति सदस्य वृत्त उज्जैन मुख्य वनसंरक्षक उज्जैन आलोक पाठक, मंदसौर वनमंडलाधिकारी संजय रायखेरे, अधीक्षक गांधीसागर अमित राठौर, नायब तहसीलदार भानपुरा सुनील अग्रवाल, रेंज अधिकारी पूर्व गांधीसागर पी.एल. रायकवार, गेम रेंज अधिकारी पश्चिम गांधीसागर अभयारण्य पराग सेनानी, सरपंच ग्राम पंचायत गांधीसागर मनीष परिहार की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण क्रं. 3850/24 7 मई 2026 दर्ज कर प्रकरण में विवेचना कार्य जारी है।

### मोर की आंखों से झिल्ली हटाई

उज्जैन में शनिवार को एमआईटी कालेज परिसर से गार्ड धर्मेन्द्र चौहान की सूचना पर दल ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का रेस्क्यू किया गया । प्रारंभिक स्थिति में ही सामने आया कि मादा मोर को देखने में समस्या हो रही है। उसे दाना चुगने में ही परेशानी हो रही थी। इस पर रेस्क्यू दल मोर को लेकर पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद मैथनिया के पास पहुंचे थे। जांच के दौरान सामने आया कि मादा मोर की आंखों पर इंफेक्शन होने के कारण उसे देखने में परेशानी हो रही थी। तकरीबन उसकी पूरी आंख ही झिल्लीनुमा परत से ढक चुकी थी। डॉ. मैथनिया के अनुसार मादा मोर की आंखों को रूई के फोहे को सामान्य सलाईन से साफ किया गया। इससे आंखों पर चढ़ी झिल्लीनुमा परत नरम हो गई जिसे हटा दिया गया। इससे मादा मोर को दिखाई देने लगा है। इसके साथ ही उसे आंखों में ड्राप डाला गया। मादा मोर को अभी वन विभाग के जिला रेस्क्यू कार्यालय में रखा गया है। पूर्ण स्वस्थता के उपरांत उसे वापस उसके रहवास में छोड़ा जाएगा। रेस्क्यू दल में सोनू चौहान, राजेन्द्र चौहान व देवकुमार शामिल थे।

### क्षीरसागर में नैनो डिफाटर सॉफ्ट एरिटर तकनीकी का प्रयोग सफल

# पानी हुआ साफ, बदबू भी गायब

## अब कुंड में गंदगी न हो इसके लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

युवा निगमायुक्त के नेतृत्व में उज्जैन के कई स्थलों की तस्वीर बदलने की स्थिति बन रही है। क्षीरसागर में नैनो डिफाटर सॉफ्ट एरिटर तकनीकी का प्रयोग सफल रहा है। इससे सागर का पानी साफ हुआ है और उसकी बदबू भी गायब हुई है। अब कुंड की सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात कर दिया गया है।

सप्त सागर एवं नौ नारायण की धरा अवंतिका नगरी में 17 मई से अधिक मास धार्मिक प्रमुखता लिए रहेगा। ऐसे में भगवान श्री हरि नारायण का विशेष पूजन अर्चन होता है। इस बार क्षीरसागर पर पूजन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को यहां एक अलग ही आनंद अनुभव होगा। नगर निगम के प्रयासों से क्षीर सागर कुंड में नैनो डिफाटर एरिटर तकनीकी का प्रयोग किया गया था। इस प्रयोग के सफल परिणाम सामने आये हैं।

### जांच में सुधार सामने आया

शनिवार को कलेक्टर रोशनकुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त क्षीरसागर में किए गए प्रयोग को जानने पहुंचे थे। नवाचार में सामने आया कि तालाब में करीबन 1 से 1.5 फीट तक पानी की गुणवत्ता में सुधार आया है। तकनीकी का उपयोग विगत कुछ ही दिन पूर्व ही यहां किया गया है। इससे घुलित ऑक्सीजन की मात्रा से पानी की गंध समाप्त हो गई एवं करीबन 1 से 1.5 फीट तक पानी पारदर्शी रूप में उच्च गुणवत्ता के साथ सुधार हुआ है।

### अधिकमास में पूजन करें,निर्माल्य न डालें

आगामी अधिक मास के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सप्तसागर पूजन के अंतर्गत क्षीर सागर पर पूजन अर्चन किया जाएगा। नगर निगम ने यहां सूचना संकेतक लगाकर कुंड में निर्माल्य कुंड एवं सूचना संकेतक, सौंदर्यीकरण, समुचित सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से शिफ्ट अनुसार सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए गए हैं।

# युवा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सजग प्रहरी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

युवा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सजग प्रहरी, बलिष्ठ युवा राष्ट्र के मणी मुक्तक होते हैं। युवा तरुणाई देश की आन बान शान है। राष्ट्र की बेटियों की रचनात्मक विचारधारा ने देश की प्रगति को नए पंख दिए हैं। उज्जैन के चौमुखी विकास में खेलों के विकास को भी पूर्ण महत्व दिया जाएगा। स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र उज्जैन बॉडीबिल्डिंग खेल का प्रकाश स्तंभ है।

उक्त खेल उद्गार उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिभा अभिनंदन समारोह में विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने व्यक्त किए। समारोह के अध्यक्षता पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने की। स्वागत उद्बोधन इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने दिया। आभार प्रदर्शन चेयर मेन प्रेम सिंह यादव ने किया। सूत्रधार बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुरा के थे।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवान प्रियांशी मुकेश प्रजापत एवं बॉडीबिल्डिंग के स्टार खिलाड़ी कमलेश चांगल का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया। संस्था द्वारा डॉक्टर रवि सोलंकी का पगड़ी, दुपट्टा, माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमान मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन पदाधिकारी ज्योति शर्मा, रितु शर्मा आर एल वर्मा (जिमनास्टिक) राजेश शर्मा (टेबल टेनिस) विकास वर्मा (बॉडीबिल्डिंग) हरीश शुक्ला अविनाश टाटावत (तेराकी) जय यादव आनंद सोलंकी (पावरलिफ्टिंग) सुजल बामने, आकाश सिंह परिहार (वेट लिफ्टिंग) ने किया।

### कुछ दिन बाद होगा गुरु का सबसे बड़ा परिवर्तन

# देश-दुनिया समेत राशियों पर दिखेगा असर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुछ दिनों में देवगुरु राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं। यह ज्योतिष की महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है, जिसका प्रभाव 12 राशियों से लेकर देश-दुनिया पर नजर आएगा।

ज्योतिष शास्त्र में देवगुरु बृहस्पति को सबसे शुभ ग्रह माना जाता है, जो ज्ञान, धर्म, भाग्य और संतान के कारक ग्रह हैं। जब भी देव गुरु राशि परिवर्तन करते हैं, तो उसका प्रभाव न केवल व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाता है, बल्कि देश-दुनिया से लेकर अर्थव्यवस्था-मौसम तक भी इसका असर देखने को मिलता है। वर्तमान में



वह मिथुन में विराजमान है। अब वह 2 जून 2026 को सुबह 06 बजकर 30 मिनट पर कर्क राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। खास बात यह है कि, कर्क राशि में गुरु उच्च अवस्था में रहेंगे, इसलिए यह गोचर बेहद प्रभावशाली रहने वाला है। लेकिन, इस बार गुरु अतिचारी गति से कर्क में गोचर कर रहे हैं, जिस वजह से इसके परिणाम तेजी से सामने आ सकते हैं।

### क्या होगा देश-दुनिया पर असर ?

ज्योतिष गणना के अनुसार, देवगुरु के कर्क राशि में आते ही धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्रों में नए बदलाव संभव हैं। इस दौरान कई बड़ी घोषणाएं सामने आ सकती हैं। बात अगर राजनीतिक स्तर पर की जाए, तो कुछ फैसले चर्चा में रह सकते हैं। इस समय अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मौसम में अचानक बदलाव होगी। भारी बारिश या जल से जुड़ी घटनाओं में वृद्धि के संकेत हैं।

- **मेष राशि-** मेष राशि वालों के चौथे भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। इसके साथ ही, भाग्य का साथ मिलेगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।
- **वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के तीसरे भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। धन से जुड़े मामलों में सुधार होगा। इस समय रुका हुआ पैसा वापस मिलने के योग बन रहे हैं।
- **मिथुन राशि -** मिथुन राशि वालों के दूसरे भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। इस समय मानसिक दबाव थोड़ा बढ़ सकता है। पुरानी बातों को लेकर परेशान रहेंगे। फैसले सोच-समझकर लें और जल्दबाजी से बचें।
- **कर्क राशि -** कर्क राशि वालों की राशि में गुरु उच्च अवस्था में रहेंगे, जिससे आत्मविश्वास और सम्मान में वृद्धि होगी। अटके काम पूरे होंगे। इस समय जीवन में बड़े सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं।
- **सिंह राशि -** सिंह राशि वालों के बारहवें भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। आपके खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस समय विदेश या दूर स्थान से जुड़े मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं।
- **कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के ग्यारहवें भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। करियर और नौकरी में अच्छे मौके मिल सकते हैं। इस समय प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ेगा और धन लाभ होगा।
- **तुला राशि-** तुला राशि वालों का भाग्य मजबूत होगा। इस समय नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। माना जा रहा है कि, तुला राशि वालों के दसवें भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। समय शुभ रहेगा।
- **वृश्चिक राशि -** वृश्चिक राशि वालों के नौवें भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। इस समय रुके हुए काम पूरे होंगे। खास बात यह है कि, आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। नए लोगों से आप मिलेंगे।
- **धनु राशि -** धनु राशि वालों के आठवें भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। इस समय साझेदारी के मामलों में लाभ मिलेगा। शुभ समाचार मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार देखने को मिलेगा।
- **मकर राशि -** मकर राशि वालों के लिए सम. उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। गुरु आपके सातवें भाव में प्रवेश करने जा रहे हैं। कार्यस्थल पर दबाव बढ़ सकता है। सेहत का ध्यान रखना जरूरी होगा।
- **कुंभ राशि -** कुंभ राशि वालों के छठे भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। अचानक करियर में सकारात्मक बदलाव आएंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं।
- **मीन राशि -** मीन राशि वालों के पांचवें भाव में गुरु गोचर करने जा रहे हैं। गुरु का यह गोचर आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। धन लाभ और नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे। विवाह योग भी बन सकते हैं।

## जामिया इस्लामिया स्कूल में आयोजित हुआ निःशुल्क सत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की सामाजिक संस्था 'जज्बा' द्वारा आयोजित निःशुल्क समर कैंप में बच्चों के लिए सलाद डेकोरेशन, सूप और स्टार्टर बनाने का विशेष सत्र संपन्न हुआ। सब्जी मंडी छत्री चौक स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में आयोजित इस सत्र में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पाक कला के गुर सीखे। हारून नागौरी और असलम मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र का संचालन उर्मिला बागड़िया द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को कई प्रकार के सलाद बनाने और उन्हें आकर्षक ढंग से सजाने का प्रशिक्षण दिया।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
# दैनिक अवन्तिका
इंदौर | उज्जैन | रविवार, 10 मई , 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम सनावदिया में संचालित अवैध एसिड फैक्ट्री सील

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार बिचौली अनुभाग के एसडीएम अजय भूषण शुक्ला द्वारा ग्राम सनावदिया में संचालित अवैध एसिड फैक्ट्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे सील किया गया। कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गई।

कार्यपालिक नायब तहसीलदार दयाराम निगम, आरआई कैलाश चौधरी, पटवारी बालेश्वर चौधरी सहित राजस्व टीम द्वारा ग्राम सनावदिया स्थित भूमि सर्वे नंबर 631/2/1 रकबा 0.009 हेक्टेयर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भूमि स्वामी ईदरिश पिता इनायत पटेल की भूमि पर किराये से संचालित एसिड पैकिंग यूनिट पाई गई, जिसका संचालन अजय चौरसिया पिता राम चौरसिया द्वारा किया जा रहा था। निरीक्षण में पाया गया कि यूनिट में अत्यंत असुरक्षित तरीके से एसिड की पैकेजिंग की जा रही थी, जिससे आसपास के क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के जीवन एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए यूनिट को सील कर बंद कराया गया। राजस्व टीम द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर प्रतिवेदन भी बनाया गया तथा संबंधित प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य तेजी से जारी, त्वरित भुगतान

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इंदौर जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार किसानों को भुगतान की त्वरित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों में संतोष और खुशी का माहौल है तथा किसानों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले के 90 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों में हर्ष है। समय पर भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों में से एक ग्राम मुरादपुर निवासी कृषक संतोष सिंह पिता दातार सिंह राठौड़ भी हैं। इन्होंने लक्ष्य वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर 4 मई को 217 क्विंटल गेहूं विक्रय किया था। खरीदी के दिन ही उक्त किसान के भुगतान की स्वीकृति जारी कर भुगतान प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। परिणामस्वरूप 7 मई की सुबह किसान के खाते में 5 लाख 97 हजार 187 रुपये की राशि प्राप्त हो गई। मात्र तीन दिनों में भुगतान प्राप्त होने पर कृषक संतोष सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी व्यक्त की।

### तत्परता से भटके बालक को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

इंदौर जिले के थाना किशनगंज क्षेत्र में डायल-112 जवानों की सजगता और संवेदनशील कार्यवाही से घर का रास्ता भटक गए 11 वर्षीय बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस कार्रवाई से बालक को सुरक्षित संरक्षण मिला और परिजनों की चिंता दूर हो सकी। 07 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना किशनगंज क्षेत्र अंतर्गत रॉयल रेसीडेंसी के पास एक 11 वर्षीय बालक अकेला मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही किशनगंज थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टॉफ उप निरीक्षक कृष्णा, आरक्षक सुनील एवं पायलट राजेंद्र ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर बालक को अपने संरक्षण में लिया। बालक घबराया हुआ था और अपने परिजनों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था। डायल-112 जवानों ने बालक को एफआरव्ही वाहन से साथ लेकर आसपास के क्षेत्र में पूछताछ तथा उसके परिजनों की तलाश की। लगातार प्रयासों के बाद बालक के परिजनों की जानकारी प्राप्त हुई, जिसके बाद टीम बालक को लेकर उनके पास पहुँची। पहचान एवं सत्यापन उपरांत बालक को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने डायल-112 सेवा और पुलिस जवानों का आभार व्यक्त किया।

### शासकीय कॉलेज की भूमि कराई गई अतिक्रमण मुक्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज ग्राम कम्पेल एवं पिवडाय में शासकीय कॉलेज के लिए आवंटित भूमि पर से अतिक्रमण हटाकर संबंधित कॉलेज प्रशासन को कब्जा दिलाया गया। यह कार्रवाई एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा की गई। एसडीएम श्रीमती चौरसिया ने बताया कि संबंधित भूमि शासकीय कॉलेज के लिए आवंटित की गई थी, जिस पर कुछ लोगों द्वारा फसल बुवाई कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। प्रशासन द्वारा आज मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का विधिवत कब्जा शासकीय कॉलेज के प्राचार्य कुम्भन खंडेलवाल को सौंप दिया गया। जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

लंबे समय से जमे राणा और गोयल को मिली जगह, 16 आरआई का कार्य क्षेत्र भी बदला

## काम की सजा, 2 महीने में दो बार हो गया दो बाबुओं का तबादला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बाबू की कार्यशैली उन्हें एक जगह लंबे समय तक रहने नहीं दे रही है। दो बाबुओं को पिछले दो महीने में दो बार तबादले का सामना करना पड़ा। सांवेर और महू के बाबू को लंबे समय बाद अन्य तहसीलों में भेजा गया है।

16 राजस्व निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव के आदेश जारी किए है। 15 वर्षों में 14 बार बाबू भक्ति प्रताप चौहान का तबादला किया गया।

शिकायत शाखा से उन्हें पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह के कार्यकाल में कलेक्टर का रीडर बनाया गया था। हाल ही में उनका तबादला कलेक्टर कार्यालय से जूनी इंदौर एसडीएम कार्यालय किया गया। कल जारी हुई सूची में उन्हें खुड़ैल तहसील भेजा गया है।

इसी तरह पिछले साल मल्हारगंज तहसील से रीडर दीपक शर्मा को सांवेर भेजा गया और कुछ दिन पहले ही उनका तबादला स्थापना शाखा में किया गया था। वर्तमान आदेश में उन्हें तहसील जूनी इंदौर भेजा गया है। सागर तहसील के टप्पा शिप्रा में लंबे समय से जमे प्रतिनिधि पर आए हरिशंकर राणा का तबादला नहीं हो पाया था।



अब कलेक्टर ने राणा को तहसील महू में पदस्थ किया है। अभिलेखागार शाखा से राजेंद्र विटनेकर को महू, फिरोज खान को अभिलेखागार शाखा, जितेंद्र बहरावद को हातोद से देपालपुर, उमेश राठौर को मल्हारगंज से जूनी इंदौर, विशाल मैघलान को कनाडिया से राऊ, तरुण परते को भिचौली हप्सी से कनाडिया, लोकेश लौवंशी को महू से देपालपुर और राजेंद्र चौहान को महू से देपालपुर भेजा गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले के 23 बाबू के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसी तरह 16 राजस्व निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र भी बदले गए हैं। तहसील राऊ में लंबे समय से पदस्थ राजस्व निरीक्षक पठान ब्राह्मणे को कलेक्टर ने कॉलोनी सेल भेजा है।

इसी तरह मल्हारगंज के राजस्व निरीक्षक अरुण तिवारी को भी कॉलोनी से भेजा गया है, वहीं कॉलोनी सेल में पदस्थ राजस्व निरीक्षक अखिलेश सरमंडल को हातोद और मुकेश पटेल को देपालपुर तहसील में पदस्थ किया है। कलेक्टर द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार शुभम तिवारी को मल्हारगंज से जूनी इंदौर, विशाल शर्मा को कनाडिया से जूनी इंदौर, कैलाश चौधरी प्रभारी राजस्व निरीक्षक को भिचौलीहप्सी से खुड़ैल, संगीता पन्द्राम को जूनी इंदौर से भिचौलीहप्सी, श्रीराम राठौर को कनाड़िया से खुड़ैल, रामलाल खेड़ेकर को खुड़ैल से राऊ, अनिल किराड़े को देपालपुर से कनाड़िया, पूजा भावसार को खुड़ैल से जूनी इंदौर, कुशदास बैरागी प्रभारी राजस्व निरीक्षक को राऊ से भिचौलीहप्सी, शंकर डाबर को महू से राऊ, ओ. पी. पांडे को महू से मल्हारगंज, धनसिंह रावत को हातोद से मल्हारगंज भेजा है।

---

आम जनता के लिए है कानून भाजपा नेता और बजरंगियों को छूट

## चालान से दूरी, कमल निशान जरूरी...

### रोकने से पहले जाने व्यक्ति की पहचान, चालान तो दूर नियम बताना भी पड़ सकता है महंगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में शुक्रवार को हुई घटना ने साबित कर दिया कि कानून सिर्फ तोड़ने के लिए ही बनाए जाते हैं। नियम का पालन करना आम जनता के लिए जरूरी है। भाजपा नेता को यदि कानून सिखाया तो कानून के रखवालों को ही अपनी नौकरी बचाना मुश्किल पड़ सकता है। आम जनता को कानून सिखा कर उनकी सुरक्षा का दवा करने वाली पुलिस भाजपा नेताओं के सामने पंगु बन जाती है। आम आदमी पर शक्ति दिखाई तो कानून का डंडा चलाया जाता है और चालानी कार्रवाई हर दिन हो रही है।

किसी की मजबूरी को समझने के बजाय सीधे चालान बनाया जाता है। इस दौरान किसी की बात नहीं सुनी जाती। यदि व्यक्ति थोड़ी भी बहस करता है तो उन्हें कानून का डंडा सबक सिखा देता है लेकिन एक भाजपा नेता को रोकना कल पुलिस कर्मियों को भारी पड़ गया। यही नहीं, हेलमेट लगाने के लिए रोकने पर किसी को लाइन अटैच किया गया तो किसी को निलंबन का शिकार होना पड़ा। मामला इस तरह है कि जब पुलिस हेलमेट और मोबाइल को लेकर अभियान चला रही थी इस दौरान एक भाजपा नेता बगैर हेलमेट के नजर आए।

पहचान से अनजान पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया और चालानी कार्रवाई करने की बात कही। भाजपा नेता अपना परिचय दे दिया कोई ईमानदार पुलिस वाले ने कहा कि नियम सभी के लिए समान है जब वह अपने कर्तव्य का पालन कर रहा था तब नेताजी ने अपना प्रभाव दिखाने का प्रयास किया। लंबे समय तक चली बहस के बाद जब बात नहीं बनी तो नेता ने कई कार्यकर्ता इकट्ठे कर लिया उन्होंने महू नाका चौराहा पर चक्का जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जहां पुलिस हेलमेट के लिए वाहन रोक रही थी वही कार्यकर्ता पुलिस के खिलाफ सड़क पर वाहनों को रोककर यातायात प्रभावित करने लगे। मामले की सूचना उच्च अधिकारियों तक पहुंची मौके पर पहुंचे। भाजपा नेता के प्रभाव में आकर किसी ने भी सच्चाई जानने का प्रयास नहीं किया और ट्रैफिक सूबेदार लक्ष्मी आरक्षक शेखर को निलंबित किया व थाना प्रभारी राजा यादव को लाइन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए।

#### अपनी गाड़ी पर पार्टी का लोगो लगा लो और कहीं भी चले जाओ

मामले में भाजपा नेता का कहना था कि पुलिस सुबह से वाहन चालकों को जांच के नाम पर रोकती है लोगों को लंबे समय तक चालान के लिए खड़े रहना पड़ता है कई लोग अपने कार्यालय समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। यदि किसी को खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाना है और चालान से बचना है तो भाजपा नेता या कार्यकर्ता बनना जरूरी है अपनी गाड़ी पर पार्टी का लोगो लगा लो और कहीं भी चले जाओ कोई नहीं रोकेगा। उल्लेखनीय है कि मोटरसाइकिल पर साइलेंसर से होने वाली भयानक आवाज को लेकर रोक लगाने के निर्देश कई बार दिए गए हैं किंतु हर बार किसी ने किसी नेता के रिश्तेदार या गरीबों का नाम सामने आते ही उन्हें छोड़ दिया जाता है आज भी यह कार्रवाई ठप्प पढ़ी है।

इस तरह के वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है। शहर के मुख्य चौराहा पर हेलमेट और मोबाइल को लेकर हर दिन रोका जा रहा है, उनके चालान भी नियमित बना रहे हैं।

---

## सिंहस्थ में घाट से हर 200 मीटर पर एंट्री पॉइंट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में सिंहस्थ कुम्भ 2028 के आयोजन में अभी दो वर्ष का समय बाकी है, लेकिन प्रशासन ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्नान व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर शनिवार सुबह मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित करीब 30 अधिकारियों की टीम ने क्षिप्रा नदी के घाटों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों का दल सुबह 6 बजे शनि मंदिर से पैदल निकला और वाकणकर ब्रिज तक करीब 6 किलोमीटर चलते हुए लगभग 29 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा और एंट्री-एग्जिट व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

#### भीड़ नियंत्रण को लेकर अधिकारियों ने किया मंथन



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर विशेष फोकस किया कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु घाटों तक आसानी से कैसे पहुंचेंगे। पार्किंग से घाट तक पहुंचने के मार्ग, स्नान के बाद सुरक्षित निकासी, सड़क कनेक्टिविटी और भीड़ नियंत्रण को लेकर अधिकारियों ने मौके पर ही मंथन किया।

---

## टापरी में खाट पर मिली युवक की खून से सनी लाश

### कुछ माह पहले जेल से छूटा था, मकान विवाद की आशंका



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कुछ माह पहले जेल से रिहा होकर आए युवक की शनिवार सुबह टापरी में खाट पर खून से सनी लाश मिलना सामने आया है। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का होने पर पुलिस ने जांच शुरू की है। हत्या की वजह मकान विवाद होना सामने आ रहा है। भाई की जानकारी जुटाए जा रही है।




उन्हेल थाना क्षेत्र के गांव सरवना की टापरी में लाश पड़ी होने की सूचना चौकीदार द्वारा शनिवार सुबह 7 बजे के लगभग पुलिस को दी गई थी। थाना प्रभारी संतोष चौहान घटनास्थल पहुंचे। मामला हत्या का होना सामने आया। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और उसकी लाश खाट पर पड़ी हुई थी। मृतक की पहचान रतनलाल पिता रुगनाथ बागरी 40 साल के रूप में हुई। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि रात में भाई गोकुल के साथ शराब पी रहा था। भाई की तलाश करने पर वह फरार होना सामने आया जिसके चलते उसे पर हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर मामले की मौके पर जांच पूरी की ओर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। मृतक के सिर पर डंडे से वार किए गए हैं जिससे उसकी मौत हुई है।

#### मकान को लेकर विवाद की जानकारी

एसआई मांगीलाल मालवीय ने बताया कि प्रारंभिक जांच और लोगों से पूछताछ में पता चला है कि मृतक के 7 भाई बहन है। कच्ची टपरी के पास भी एक मकान मृतक और उसके परिवार का बना हुआ है जिसका सौदा कर दिया गया था संभवत संपत्ति विवाद में ही रतनलाल की हत्या होना प्रतीत हो रहा है फिलहाल आरोपियों की जानकारी और उनकी गिरफ्तारी नहीं होने तक कुछ भी स्पष्ट कह पाना मुश्किल होगा।

**संपत्ति अपराधों का आरोपी मृतक-** बताया जा रहा है कि मृतक रतनलाल उन्हेल थाना क्षेत्र का संपत्ति अपराधों का आरोपी है उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं जिसमें चोरी के अपराध भी शामिल हैं। रतनलाल कुछ माह पहले ही जेल से छूट कर आया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है। हत्या की वजह भी जल्द सामने आ जाएगी। मृतक शादीशुदा था लेकिन पत्नी अलग रहती है। भाई बहन की आसपास के गांव में निवास करते हैं मृतक अकेला रहता था।



## न्यूज कालम



## भारत विकास परिषद द्वारा राज्यपाल गेहलोत का किया सम्मान

**आलोट।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आलोट पहुंचने पर भारत विकास परिषद आलोट शाखा द्वारा गहलोत का स्वागत किया गया एवं आलोट शाखा द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए चलाए जा रहे सकोरा वितरण महाअभियान एवं अन्य सेवा प्रकल्पों की जानकारी श्री गेहलोत को दी इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष कमल गुप्ता, संरक्षक निलेश जॉगलवा कोषाध्यक्ष आशीष काला, सचिव मनिष फरक्या , एडवोकेट नीलम सोलंकी राजेश मंडवारिया पहलाद सिंह परिहार पंकज चौधरी संदीप सांखला शांतिलाल पोरवाल आदी उपस्थित रहे। राज्यपाल गेहलोत पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता की कुशलक्षेम जानने उनके निवास स्थान पहुंचे थे जहां गुप्ता परिवार द्वारा गहलोत का स्वागत सम्मान किया गया।

## नगर मंडल की कामकाजी बैठक में बूथ मजबूत का दिया मंत्र



**जावरा ।** भाजपा नगर मंडल की कामकाजी बैठक निजी स्कूलों में संपन्न हुई। जिसमें नगर मंडल प्रभारी जयवंत कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी पूरे देश में विजय पताका फहरा रही है। हमें नगर मंडल के प्रत्येक बूथ को विजय बनाने की रणनीति के साथ कार्य करना है। आपने बूथ प्रबंधन मन की बात कार्यक्रम व संगठन के आगामी कार्यक्रमो की जानकारी दी। जिला महामंत्री महेश सोनी ने कहा प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में बूथ स्तर पर बैठक आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां को बताएं । स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष ने दिया। बैठक का संचालन नगर महामंत्री अनिल धारीवाल ने किया आभार मनीष ऊटंवाल ने माना। बैठक में वीरेंद्र सिंह चौहान, घनश्याम सोलंकी, संदीप राँका ,संतोष शर्मा ,शरद डूंगरवाल, महेश शर्मा, सत्यनारायण पांचाल ,इरफान कुरैशी ,यश सकलेचा, आदि उपस्थित थे।

## नगर वासियों का स्नेह मुझे हर बार खींच लाता- राज्यपाल



**जावरा ।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत प्रसिद्ध तीर्थ होरी हनुमान मंदिर के कलश आरोहण की वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान नगर आगमन पर डॉ दिलीप शाकल्य के होटल पर पहुंचे जहां विभिन्न संस्थाओं व्यापारी संगठनों समाजसेवियों एवं नागरिकों ने अभिनंदन कर स्वागत किया । राज्यपाल ने कहा कि नगर से मेरा पुराने संबंध है । डॉक्टर शाकल्य परिवार से 40 वर्षों पुराना आत्मीय रिश्ता है । मैं जब भी जावरा से गुजरता हूं तो यहां के लोगों का प्रेम और अपनापन मुझे उनसे मिलने के लिए खींच लाता है। गीतांजलि गौशाला नीलकंठ धाम के दिनेश व्यास, प्रजापति ब्रह्म कुमारी की साध्वी, सिख समाज प्रमुख ज्ञानी हंसराज सिंह, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत ,भाजपा नेता के कै सिंह, कान सिंह चौहान, चंद्र प्रकाश ओसवाल, धर्मचंद चपडोद, देवेंद्र शर्मा, प्रकाश काठेङ , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष युसूफ कडपा, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ,सुनील भावसार ,अभय कोठारी ,किशोरशाकल्य , सैयद अमजद अली ,शेखर धारीवाल ,आदि ने गवर्नर का स्वागत कर सम्मान किया।

## शहर में बारिश पूर्व नालो के चल रहे सफाई अभियान

**खरगोन।** शनिवार को नगरपालिका से अधीकारी सी एम् ओ कमला कोल , स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश,चित्ते एवं राजस्व अधिकारी महेश वर्मा, एवं नगर पालिका की टिम अमले ने एसडीएम के नेतृत्व में सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई की। यह नालो पर लोहे की जाली के साथ ही कच्चा- पक्का अतिक्रमण कर नाला बन्द कर दिया गया था जिसे जेसीबी मशीन की मदद से खोला गया। इस दौरान सड़कों पर लगने वाले फल ठेलों को एक बार फिर मंडी में शिफ्ट करने की कवायद शुरू हुई है। नगरपालिका, यातायात और के संयुक्त अमले ने सब्जी मंडी से लेकर पोस्ट ऑफिस चौराहे के बीच लगने वाले फल ठेलों को सड़क से हटाकर सब्जी मंडी में लगाने की कार्रवाई की, इस कार्रवाई का विरोध भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि करीब 4 वर्षो से ठेले मंडी में शिफ्ट करने का प्रयास हो रहा है। पहले भी इन ठेलों को मंडी में लगाने की व्यवस्था की गई थी, जिसे राहगिरों को कुछ माह तक राहत मिली थी, लेकिन अधीकारियो के तेवर नरम पड़ते ही फिर सड़क की दोनों और ठेले लगने लगे थे। वहीं फल व्यापारियों का कहना है कि फल लोग सड़क पर ही खरीदते है मंडी में खरीदी के लिए नही आते है, पूर्व में उन्हें नुकसान उठाना पड़ा था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भुरला मण्डलोई पिता ओंकार मण्डलोई जन्म 12/10/1996 निवासी ग्राम भाणारावत , गिरी फलिया , तहसील+ जिला आलिराजपुर पिन कोड 457887 (म.प्र.), दि. 02.05.2026 को शपथ पत्र के द्वारा अपना नाम बदलकर भानवीर मण्डलोई रख लिया है और अब से मुझे भानवीर मण्डलोई के नाम से जाना जाएगा।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 10 मई से 10 जून तक होगा आयोजित

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पटेल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभा कक्ष में बैठक हुई संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर




पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागृह में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त खेल प्रशिक्षक, सीएमओ, सीएमएचओ, डीएसओ, डीएसपी, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी तथा ग्रामीण युवा समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी संतरा निनामा द्वारा जानकारी दी गई कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 10 जून 2026 तक किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर क्रिकेट, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग एवं मार्शल आर्ट जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं विकासखंड स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कट्ठीवाड़ा में कबड्डी एवं क्रिकेट, सोंडवा में खो-खो एवं एथलेटिक्स, जोबट में बॉक्सिंग एवं कबड्डी, उदयगढ़ में एथलेटिक्स एवं कबड्डी तथा चंद्रशेखर आजाद नगर में फुटबॉल सहित अन्य खेलों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को खेलों से जोड़ा जाएगा।

बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनसंवाद का अवसर भी प्रदान किया जाएगा तथा सामाजिक एवं नैतिक विषयों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं मोबाइल एडिक्शन कंट्रोलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूक किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल ने जिले के बच्चों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## ला. कमलेश जैन एवं कंचन जैन की वैवाहिक वर्षगांठ मनाई

**सनावद ।**लायंस क्लब इंटरनेशनल के पीआईडी ला. कमलेश जैन एवं कंचन जैन की वैवाहिक वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।इस मंगलमय अवसर पर लायंस क्लब स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन और लायन साथियों ने जैन दंपत्ति को सुखद एवं समृद्धशाली दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। लायंस क्लब की एलसी आईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन ने कहा कि जैन दंपत्ति ने लायनवाद के उद्देश्यों के अनुरूप क्लब की सामाजिक गतिविधियों में सराहनीय भूमिका का निर्वाह किया है।

# एडवोकेट खनूजा को मिली जान से मारने की धमकी

### अधिवक्ता संघ ने दिया पुलिस थाने में ज्ञापन, पुलिस से की अज्ञात व्यक्ति पर कार्यवाही की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब इससे इंसाफ के मंदिर में न्याय दिलाने वाले अधिवक्ता भी अछूता नहीं रहे एक और जहां देश में अधिवक्ताओ पर जानलेवा हमले की खबर आती है वहीं ऐसा ही मामला सनावद न्यायालय में विगत कई वर्षों से वकालत कर रहे सतबीर सिंह खनूजा के साथ घटित होना प्रकाश में आया है।

सतवीर सिंह खनूजा ने बताया कि वह रोजाना की तरह जब न्यायालय में उपस्थित हुए तो उन्हें डाक के माध्यम से एक लिफाफा (खत) प्राप्त हुआ जिसे खोलकर देखने पर उसमें एक पर्ची मिली जिसमें लिखा था मिस्टर सतबीर सिंह खनूजा तूने वकालत में काफी कैसो को सच को झूठ और झूठ को सच किया है वकालत छोड़ दे घर से बाहर निकले तो सोच समझ कर निकालना निपट जाएगा सुपारी दे दी है! जब सतवीर सिंह खनूजा ने उसे लिफाफे पर लगी सील देखी तो वह बड़वाह से आना प्रतीत हुआ सतबीर सिंह खनूजा द्वारा उक्त घटना को सनावद की बार एसोसिएशन में एक आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसको गंभीरता से लेकर कर अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्ताव पारित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया अधिवक्ताओ इस मामले को लेकर आक्रोश देखने को मिला अधिवक्ताओं ने इस घटनाक्रम की कड़ी आलोचना की एवं अधिवक्ता संघ ने इस संबंध में सनावद थाने पर बड़ी संख्या में पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया जिसमें अज्ञात व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु ज्ञापन दिया ज्ञापन का वाचन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश मालवीय द्वारा किया गया।

इस दौरान कृष्ण राव सोनोने, गोपाल चौहान, सुनील व्यास, जयेश यादव, ज्योति चौहान, श्वेता माहेश्वरी, कृष्ण चंद्र सोहनी, आशीष मिश्रा, रिंकेश जैन, विमल बिरला, मनोज यादव, मनोज गीते, विजय ६ग्गा, राधेश्याम सेन, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## देपालपुर तहसील में जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**देपालपुर।** तहसील देपालपुर में जनगणना कार्य तेज गति से जारी है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार तहसील क्षेत्र में कुल 339 गणना ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं, जिनमें कार्य निष्पादन के लिए 339 प्रगणक एवं 46 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। अब तक 3 गणना ब्लॉक का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि संपूर्ण तहसील के प्रगणकों द्वारा लगभग ४५ प्रतिशत कार्य संपन्न कर लिया गया है। जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लेने हेतु 4 मई को जिला स्तर से निरीक्षण दल ने देपालपुर पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। दल का नेतृत्व जिला सांख्यिकी कार्यालय से संभागीय प्रभारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसील में चल रहे कार्यों की गति, दस्तावेजीकरण एवं मैदानी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण दल का स्वागत तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना तहसील देपालपुर श्रीमती संगीता गोलियां, जनगणना प्रभारी संतोष राव सनस तथा समन्वयक प्रशांत त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान दल ने ग्राम बनेडिया के एक गणना ब्लॉक का स्थल निरीक्षण भी किया, जहां प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्य, डेटा संकलन प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड संधारण का परीक्षण किया।

# नेशनल लोक अदालत में सैकड़ों प्रकरणों का आपसी समझौते से हुआ निराकरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



जिला मुख्यालय पर 8 खंडपीठों पर न्यायालयीन समझौता योग्य रखे गए थे। षष्ठम जिला न्यायालय में लोक अदालत के दौरान मोटर दुर्घटना मामले में 1 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम सेटलमेंट किया गया, जो नेशनल लोक अदालत में ऐतिहासिक समझौता माना जाता रहा है।

एडव्होकेट राजेंद्र पाठक ने बताया कि वर्ष 2024 में प्रापर्टी ब्रोकर एवं कपड़ा व्यवसायी इरफान खत्री की इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी सफीना ने वाहन मालिक, चालक और बीमा कंपनी पर करोड़ 53 लाख रुपए क्लेम का प्रकरण लगाया था। प्रकरण में शनिवार को बीमा कंपनी और मृतक की पत्नि के आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराया है।

सुबह 10.30 बजे तृतीय जिला न्यायाधीश राजकुमार यादव ने नेशनल लोक अदालत की शुरूआत की। न्यायाधीश श्री यादव ने बताया कि लोक अदालत में 361 न्यायालय लंबित प्रकरण एवं 8 हजार प्रीलिटिगेशन के प्रकरण रखे गए थे, जिसमें सैंकड़ों प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण हुआ है। लोक अदालत सरल एवं सुलभ न्याय दिलाने का माध्यम है। सालों से लंबित मामलों का एक ही दिन में समाधान होता है।

## खारीवाल कॉलोनी में जल भराव ब्रिज पर फ्लेक्स से हो रहे हादसों को लेकर सीएमओ से मिले

**जावरा ।** नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं एवं अन्य ने नगर पालिका सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस से मिलकर पत्र दिया ।यहां विभिन्न व्याप्त समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कर शीघ्र निराकरण किया जाने को कहा। भाजपा पूर्व जिला मंत्री सुनील भावसार ने बताया कि पूर्व जिला अध्यक्ष कान सिंह चौहान के नेतृत्व में सीएमओ से मिलकर उन्हें अवगत करवाया कि खारीवाल कॉलोनी में विगत लंबे समय से जल भराव की समस्या व्याप्त है ।नाले पर रोड नहीं बनाई गई जिससे गंदगी मच्छरों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है ।नगर के ओवर ब्रिज पर आए दिन बिजली खम्बो पर बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाए जाने से दुर्घटनाएं हो रही ।फ्लेक्स लगाने पर तुरंत रोक लगाई जावे । प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर पालिका छोटी-मोटी तकनीकी गलती बता कर पात्र लोगों को आवास नहीं दे रही ऐसे हितग्राहियों को तुरंत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जावे। अभिभाषक धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि काटजू नगर कॉलोनी में नालियों की नियमित सफाई न होने से औवर फ्लो होकर जिससे गंदगी व कीचड पसरा हुआ है। नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को शासन के निर्देश अनुसार एरियर की तत्काल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जावे।

## 6 माह पश्चात नाराज पत्नी समझाईश पश्चात घर लौटी

**बड़वानी।** दुदडीबाई पति मोहनिया का विवाह 4 वर्ष पूर्व हुआ था शादी पश्चात दोनो के 2 बच्चे हुए।बडा पुत्र 2 वर्ष, दूसरा पुत्र 1 माह का है। पत्नी दुदडीबाई भगोरिया पर्व में गई जिसके पश्चात वह पति को बिना बताये अपने मायके चली गई। जिससे दोनो पति-पत्नि में मन मुटाव हो गया था और बात इतनी बढ़ गई थी कि पति ने पत्नी को घर से निकाल दिया था और पिता ने बड़े पुत्र को अपने पास रख लिया था। पत्नी 6 माह से अपने मायके में रह रही थी। परेशान होकर दुदडीबाई ने अधिवक्ता श्री शाकिर शेख व अधिवक्ता एमजे शेख से सम्पर्क किया। उन्हें अपनी पीड़ा बताई कि उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया है।

# 9 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में हुआ प्रकरणों का निराकरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री महेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर बड़वानी के ए.डी.आर भवन में माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्याय आपके द्वार का संकल्प पूरा होता है। लोक अदालत में ऐसे प्रकरणों को निराकरण किया जाता है जिसमें दोनो पक्षकार अपनी सहमति एवं राजीनामा से उनके प्रकरण का हल निकालते है। लोक अदालत का यह नारा है न कोई जीता ना कोई हारा। साथ ही अधिवक्तागण से लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की।

नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलकी द्वारा नेशनल लोक अदालत में लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नेशनल लोक अदालत में समस्त बैंक, बिजली विभाग, नगर पालिका बी.एस. एन.एल. आदि द्वारा स्टॉल लगाकर प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में वसुली की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री अमूल मण्डलोई द्वारा किया गया जिसमें उन्होने विद्युत छुट, जलकर छुट, सम्पत्ति छुट, दुकान किराये में छुट आदि का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश / प्रभारी अधिकारी श्री लीलाधर सोलकी, श्रीमती रेखा चन्द्रवंशी तृतीय अपर जिला न्यायाधीश बड़वानी, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री चंदनसिंह चौहान, मुख्य न्यायिक मजि. श्री सुमित शर्मा, सचिव श्री अमूल मण्डलोई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी, श्री महेन्द्र सिंह रावत व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बड़वानी, सुश्री राजश्री भार्गव कनिष्ठ खण्ड बड़वानी श्री पुष्पेन्द्र भार्गव कनिष्ठ खण्ड/न्यायिक मजि, बड़वानी, श्री सोहनलाल पाटीदार अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बड़वानी, उपाध्यक्ष श्री जुल्फीकार, श्री नुरूज्जमा शेख, श्री जुल्फीकार, सचिव अधिवक्ता संघ/समस्त अधिवक्तागण बड़वानी, श्री वरूण लीड बैंक मैनेजर, कार्यपालन यंत्री एम.पी.ईबी., जनसम्पर्क अधिकरी, पैनल अधिवक्ता / सुलहकर्ता सदस्य, पी.एल.व्ही, पक्षकार गण एवं अन्य समस्त विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ब्रह्मपुर में 11 से 17 मई तक श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन होगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ब्रह्मपुर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मालवा माटी के विख्यात कथा वाचक परम पूज्य श्री गोपालकृष्ण जी महाराज (उज्जैन) अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराएंगे।

उक्त जानकारी शनिवार दोपहर 12 बजे श्री गणेश उ.मा. विद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री गणेश भागवत कथा समिति के अध्यक्ष जगदीश वाढे ने दी। उन्होंने बताया कि ज्ञानयज्ञ सप्ताह 11 मई से 17 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा।

कथा स्थल श्री गणेश उ.मा.वि. प्रांगण, ब्रह्मपुर निर्धारित किया गया है। 11 मई सोमवार को सुबह 7 बजे बालाजी मंदिर महाजनपेठ से पोथी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित कथा में सहभागिता करने की अपील की है। समिति का कहना है कि कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और राष्ट्रप्रेम का दिव्य संगम श्रद्धालुओं को देखने मिलेगा। विशेष बात यह है कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल च्च्राष्ट्रधर्म भक्ति धाराज्ज पर भी किया जाएगा, जिससे दूर-दराज के श्रद्धालु भी लाभ ले सकेंगे।

आयोजन का संचालन श्री गणेश भागवत कथा समिति एवं समस्त कार्यकर्ता बंधु, जिला बुरहानपुर द्वारा किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में समिति सचिव गोपाल मुजाल्दा, देवीदास विश्वकर्मा, नरेंद्र जाधव, दिलीप इंगले, लक्ष्मण भलावी, मुकेश पूर्वे, अजित परदेशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# बुरहानपुर में नेशनल लोक अदालत आयोजित, प्रकरणों का हुआ निराकरण

### मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया उद्घाटन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन में शनिवार 9 मई 2026 को जिला न्यायालय बुरहानपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

**वीडियो कॉन्फ्रेंस से हुआ उद्घाटन**

नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया।

**10 खंडपीठ गठित**

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 10 खंडपीठ गठित की गईं। इनमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण एवं संपत्ति कर, जलकर, बैंक रिकवरी, विद्युत बिल सहित अन्य विभागों के प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गए।

**पौधे देकर दी उज्जवल भविष्य की कामना**

जिन पक्षकारों का लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण हुआ, उन्हें संबंधित न्यायालय द्वारा पौधा वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कुटुम्ब न्यायालय द्वारा भी कई प्रकरणों में राजीनामा करवाकर निराकरण किया गया और पक्षकारों को पौधे बांटे गए।

स्वास्थ्य शिविर व प्रदर्शनी भी लगी नेशनल लोक अदालत के साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रदर्शनी एवं हेल्प डेस्क लगाई गई। साथ ही कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल, आयुष विभाग एवं यूनानी चिकित्सा की टीम द्वारा लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं, जिला न्यायालय स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय तनवीर अहमद खान, प्रथम जिला न्यायाधीश इन्दु कान्त तिवारी, द्वितीय जिला न्यायाधीश निलेश कुमार जिरेती, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता जतारिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेमदीप सांकला, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यनारायण वाघ, सचिव संतोष देवताले, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुपमा मुजाल्दे सहित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, खंडपीठ के अधिवक्ता सदस्य एवं जिला न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### तिलकेश्वर मंदिर के पास मिला लापता हुआ बालक

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाली महिला का 13 वर्षीय पुत्र शुक्रवार को गदापुलिया क्षेत्र स्थित घर से महाकाल मंदिर मां से मिलने पहुंचा था। ड्युटी कर रही मां ने उसे डांट दिया और घर जाने के लिये कहा। नाबालिग गुस्सा होकर मंदिर से चला गया। शाम को महिला घर पहुंची तो बेटा लापता होना सामने आया। उसकी तलाश शुरू की गई। रातभर घर नहीं लौटे पुत्र के लापता होने की सूचना शनिवार सुबह महाकाल थाना पुलिस को दी गई। मामला नाबालिग से जुडा होने पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया और तलाश शुरू की गई। एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान ने बताया कि नाबालिग की तलाश के लिये सोशल मीडिया का सहारा लिया और जिले के सभी थानों को सूचना भेजी गई। शाम 4 बजे के लगभग जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में एफआरवी 7 सर्कल भ्रमण कर रही थी। उसी दौरान खाकचौक स्थित तिलकेश्वर मंदिर के पास एक बालक बदहवास हालत में दिखाई दिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम युवराजसिंह बताया। एफआरवी ने महाकाल पुलिस से संपर्क किया और उसे थाने पहुंचाया। जहां एएसआई चंद्रभानसिंह ने बालक से विनम्रता पूर्वक बातचीत कर परिजनों को बालक के सकुशल मिलने की सूचना दी। फिलहाल बालक को परिजनों सुपुर्द किया गया है। जिसे सोमवार को न्यायालय में बयान दर्ज कराये जायेगें।

### नदी किनारे शासकीय भूमि से सौ किलोग्राम महुआ लहान जप्त



**उज्जैन।** अवैध और कच्ची शराब को लेकर आबकारी विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को एक बार फिर बडी सफलता हाथ लगी। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि ग्राम सुलिया बरखेडी में भारी मात्रा में कच्ची हाथ भट्टी मदिरा व महुआ लहान रखा गया है। सूचना पर वृत प्रभारी चांदनी सोनी को टीम के साथ कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। ग्राम सुलिया बरखेडी से इन्द्राबाई पति राजेश चौहान के घर से 2 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की मदिरा जप्त की गई। वहीं ग्राम में नदी किनारे शासकीय भूमि पर दबिश देकर 100 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। टीम द्वारा आबूखाना क्षेत्र से राकेश पिता निर्भयसिंह दायमा की किराना दुकान पर भी तलाशी, इस दौरान दुकान से 2.52 बल्क देशी शराब बरामद हो गई। जांच के दौरान पता चला कि अम्बाराम पिता पूराजी के घर से भी अवैध शराब बेची जा रही है। उक्त स्थान पर तलाशी के दौरान 2.16 बल्क लीटर शराब मिल गई। नियंत्रण कक्ष प्रभारी के अनुसार सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम 1995 की धारा 34 (1) अ और 34 (1) एफ का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पानी निकालने की बात पर 2 परिवारों के बीच विवाद

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के जूना नागदा में घर के सामने बाथरूम की नाली का गंदा पानी निकालने पर सुल्तान पिता दरियावसिंह चौहान और टीकम पिता विरेन्द्रसिंह सोलंकी के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों का परिवार भी विवाद में शामिल हो गया। दोनों ओर से मारपीट और गाली-गलौच की गई। जिसमें दोनों परिवार के लोगों को चोंट लगी। मामला पुलिस थाने पहुंचा तो दोनों पक्षों ने आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। बाथरूम का गंदा पानी निकालने की बात पर घट्टिया तहसील के ग्राम ढाबला रहवारी में भी विवाद हुआ। मोहनलाल पिता भागीरथ मालवीय को पडोस में रहने वाले युवक ने घर में घुसकर हॉकी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घट्टिया थाना पुलिस ने मोहनलाल की शिकायत पर पडोसी युवक के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

### खेत की बाउंड्रीवाल हटाने पर 2 पक्षों में झगड़ा

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम झलारिया में हकीम पिता निजाम खा और अल्ताफ पिता इमामउद्दीन के खेत पास-पास बने है। जिसकी मेड पर पत्थरों से बाउंड्रीवॉल बनाई गई है। बीती शाम बाउंड्रीवॉल के पत्थर हटाने की बात पर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों और मारपीट की गई। एक पक्ष से हकीम खां और उसकी पत्नी रजिया घायल हो गई। दूसरी ओर अल्ताफ को चोंट लगी है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 288-8 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 480-2 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 490-3 | 349-6 |
| मधुर डे | 160-7 | 478-9 |
| मधुर नाइट | 237-2 | 160-7 |
| शुभांक | 1 | 3 6 |

# छात्रा की मौत के बाद परिजनों का फूटा गुस्सा

## क्लीनिक बंद भागे डॉक्टर-कर्मचारी, चरक भवन के सामने चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

निजी क्लीनिक में उपचार के दौरान छात्रा की मौत से परिजनों का गुस्सा फूट पडा। क्लीनिक के बाहर प्रदर्शन करने के बाद चरक अस्पताल के सामने शव रख चक्काजाम कर दिया। परिजन धरने पर बैठ गये थे।

महिदपुर तहसील के ग्राम लिलियाखेडी के रहने वाले मेहरबान सूर्यवंशी की कक्षा 7 वीं में पढ़ने वाली 11 वर्षीय पुत्री दीपिका का मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में उपचार चल रहा था। दीपिका के पेट में दर्द रहता था। डॉ. राजेश चौहान ने शनिवार को अपेंडिक्स का ऑपरेशन करने के लिये शनिवार को बुलाया था। परिजन क्लीनिक लेकर पहुंचे थे। लेकिन दोपहर में ऑपरेशन किया जाना था उससे पहले अचानक दीपिका की तबीयत काफी बिगड गई। क्लीनिक के कर्मचारी फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल अपना लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जनसेवा नोबल क्लीनिक के कर्मचारी छात्रा को छोड़कर भाग निकले। खबर सुनते ही परिजनों को गुस्सा फूट पड़ा। उन्होने मंछामन कालोनी स्थित क्लीनिक पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस मंछामन कालोनी पहुंची। परिजनों का हंगामा शांत नहीं हुआ। उन्होने डॉक्टर और कर्मचारियों पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम एलएन गर्ग और सीएसपी श्वेता गुप्ता मौके पर पहुंचे और सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल को बुलाया गया। क्लीनिक से डॉक्टर और स्टॉफ भाग चुका था, सीएमएचओ की टीम ने जनसेवा नोबल क्लीनिक को सील कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम कर जांच की बात कहीं।




### पिता ने लगाया स्टॉफ पर आरोप

मृतक छात्रा के पिता मेहरबानसिंह ने आरोप लगाया कि पुत्री की हालत नाजुक होने के बाद भी डॉक्टर और स्टॉफ ने उन्हे समय पर जानकारी नहीं दी। उन्होने उपचार के बारे में नहीं बताते हुए पुत्री को दूसरे अस्पताल भेजा। इस दौरान भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी कि हालत नाजुक है। सीएमएचओ डॉ. पटेल के अनुसार परिजनों के आरोप पर जानकारी जुटाई जा रही है।

### चरक भवन के सामने रखा छात्रा का शव



मृतक छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया, जहां फिर से परिजन आक्रोशित हो गये और चरक भवन (अस्पताल) के सामने शव रख आगररोड जाम कर दिया। कुछ देर में ही मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। तत्काल कोतवाली थाना पुलिस और अन्य थानों के प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। लेकिन परिजन उठने को तैयार नहीं थे। उन्होने क्लीनिक के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस और प्रशानिक अधिकारियों द्वारा परिजनों को समझाने के प्रयास किये जाते रहे।

# जनसंपर्क विभाग ने दैनिक अवन्तिका के विरुद्ध अपने षड्यंत्र को विस्तार दिया

**कर्मी कपिल मिश्रा ने प्रसार के नाम पर अवन्तिका के पत्रकारों से अभद्रता, छल किया**

**भारतीय पत्रकार संघ ने घटना की निंदा करते हुए कर्मी मिश्रा के निलंबन की मांग रखी, ज्ञापन सौंपेंगे**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के विरूद्ध राजनैतिक प्रश्रय में जनसंपर्क विभाग ने अपने षडयंत्र को विस्तार दिया है। अब आयुक्त मनीषसिंह के कहने पर सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा ने शनिवार को अवंतिका इंगोरिया के वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल राणावत से अभद्रता की है। उन्हेंल में पहुंचकर इन्होंने वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सोलंकी एवं ज्ञानचंद जैन से प्रसार संख्या से विरूद्ध कम संख्या को लेकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए हैं। इस दौरान श्री मिश्रा के साथ दो अन्य लोग भी थे।

इंगोरिया के वरिष्ठ पत्रकार श्री राणावत ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार दोपहर को उनसे मिलने जनसंपर्क लिखे वाहन से उनके कार्यालय पहुंचे थे। प्रारंभिक चर्चाओं के उपरांत उन्हें कहा गया कि यहां की जनसंख्या कितनी है। उसके बाद कम प्रसार संख्या को लेकर एक कागज पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाने लगे। इस दौरान श्री मिश्रा ने आयुक्त जनसंपर्क मनीषसिंह एवं मुख्यमंत्री का नाम का उपयोग करते हुए कहा कि उन्होंने इसके लिए भेजा है अगर हस्ताक्षर नहीं किए तो अच्छा नहीं होगा।

### उन्हेंल में कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए

दैनिक अवंतिका के उन्हेंल में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सोलंकी एवं ज्ञानचंद जैन के पास भी कपिल मिश्रा शनिवार को दोपहर में पहुंचा था। यहां दोनों ही पत्रकारों से मिश्रा अलग-अलग मिला। मिश्रा ने यहां अपनी मनमर्जी की प्रसार संख्या को लेकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए हैं। वरिष्ठ पत्रकार श्री सोलंकी के अनुसार श्री मिश्रा ने जनसंपर्क आयुक्त मनीषसिंह के आदेशानुसार सर्वे के नाम पर मुझसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर मुझसे धोखाधडी की है। इस दौरान अधिमान्यता देने को लेकर आश्वस्त किया। श्री ज्ञानचंद जैन ने बताया कि उन्हें भी जनसंपर्क आयुक्त के नाम से बरगलाते हुए और छद्म करते हुए कोरे कागज पर हस्ताक्षर लिए गए हैं।

### मिश्रा पूर्व से विवादित कर्मी

उज्जैन जनसंपर्क विभाग में पदस्थ कपिल मिश्रा पूर्व से विवादित कर्मी है। कार्यालय में ही इससे पूर्व पत्रकारों से दादागिरी एवं गुंडागर्दी के इसको लेकर जनसंपर्क विभाग के जिला अधिकारियों तक शिकायतें हुई है। यहां तक की कार्यालय के कर्मचारियों से भी यह अभद्रता की शिकायतों का आरोपित है जिन मामलों की विभागीय जांच ही नहीं की गई है। शासन नियमों के विपरित देवास से प्रतिदिन अपडाउन इनके द्वारा किया जा रहा है।

### भारतीय पत्रकार संघ आक्रोशित

पत्रकारों के साथ अभद्रता एवं धोखाधडी जैसे मामलों की जानकारी होने पर भारतीय पत्रकार संघ ने कडी निंदा की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशोर दग्दी को इंगोरिया के वरिष्ठ पत्रकार के साथ अभद्रता की जानकारी लगने पर उन्होंने कहा कि जिस जनसंपर्क विभाग को पत्रकारों को प्रश्रय देना चाहिए वह खूद ही उनसे अभद्रता पर उतारू है और धोखाधडी भी कर रहा है। इस मामले में संघ कार्रवाई करते हुए एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपेगा और बदमिजाज कर्मचारी कपिल मिश्रा को निलंबित करने की मांग के साथ उसे बालाघाट तबादले की मांग रखी जाएगी।

### शनि मंदिर पहुंचा बम निरोधक दस्ता आधुनिक उपकरणों के साथ



**उज्जैन।** शनिवार को नवग्रह शनि मंदिर में अचानक आधुनिक उपकरणों के साथ बम निरोधक दस्ता पहुंचा, डॉग स्क्वाड ने विस्फोटक सामग्री का पता लगाया, जिसे दस्ते ने निष्क्रिय किया। यह पूरी प्रक्रिया मॉकड्रील थी।

आगामी अमावस्य स्नान और सिंहस्थ महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नवग्रह शनि मंदिर पर बम निरोधक दस्ते ने मॉकड्रील की। दस्ते के साथ डॉग स्क्वाड मौजूद था। सबसे पहले मंदिर परिसर को चारों को से घेरा गया। उसके बाद डॉग स्क्वाड ने विस्फोटक बेग की तलाश शुरू की, जिसके मिलने पर विस्फोटक सामग्री को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई। आधुनिक उपकरणों से विस्फोटक बेग की जांच शुरू की गई और उसे निष्क्रिय करने के लिये सर्किट का पता लगाया। करीब डेढ़ से 2 घंटे चलती मार्कड्रील के दौरान मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं को दूर कर दिया गया था। गौरतलब हो कि आगामी सिंहस्थ पर्व को लेकर उज्जैन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर पुख्ता योजना बनाना शुरू कर दिया गया है। हर अप्रिय स्थिति के साथ भीड प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आने-जाने वाले मार्गो के साथ सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा को तैयार किया जा रहा है। अभी से की जारी तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आकंलन किया जा रहा है और खामियों को दूर करने के निर्देश दिये जा रहे है, ताकि सिंहस्थ पर्व को भव्य और बिना विघ्न के पूरा कराया जा सके।

# पति मिलकर लौटा और पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

### शादी के 10 दिन बाद मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**उज्जैन।** शादी के चार दिन बाद मायके आई नवविवाहिता से शुक्रवार को पति मिलने आया। रात में नवविवाहिता की हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहीं। उपचार के कुछ घंटे बाद नवविवाहिता की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के आयुर्वेदिक अस्पताल के पास रहने वाली प्रीति पिता भंवरलाल को शनिवार रात 12 बजे के लगभग परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। प्रीति ने जहरीला पदार्थ खाया था। जिसकी 3 घंटे बाद मौत हो गई। शनिवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान मृतक प्रीति के मामा ने बताया कि 28 अप्रैल को कायथा में रहने वाले प्रीतम बोड़ाना से शादी हुई थी।

शादी के चार दिन बाद पहली बार प्रीति को मायके लाया गया था। उसके बाद से वह मायके में थी। शुक्रवार को पति मिलने आया था, जो देर शाम वापस लौट गया था। उसके बाद रात में प्रीति का उल्टियां करते देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार फिलहाल प्रीति के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### आयशर ने मारी टक्कर, खंती में गिरी ट्रेक्टर-ट्राली

**उज्जैन।** उपज बेचकर ट्रेक्टर-ट्राली से लौट रहे किसान को पीछे से आई आयशर ने टक्कर मार दी। ट्रेक्टर-ट्राली खंती में पलट गई। हादसे में किसान की मौत हो गई।

ग्राम असलाना का रहने वाला किसान रतनलाल पिता राजाराम चौधरी 55 साल ट्रेक्टर-ट्राली में उपज लेकर ड्रायवर आजाद के साथ बड़नगर गया था। जहां उपज बेचने के बाद शुक्रवार-शनिवार रात वापस अपने गांव लौट रहा था, इसी दौरान इंगोरिया थाना क्षेत्र के गंभीर नदी के पास खडोतिया में पीछे से आई आयशर ने ट्राली का जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेक्टर चालक आजाद का संतुलन बिगड़ गया और ट्रेक्टर-ट्राली सड़क से नीचे उतरकर खंती में पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर और ट्राली के बीच में फंसने से किसान रतनलाल की मौत हो गई। चालक आजाद को मामूली चोंट लगी थी, उसी सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से किसान को निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। शनिवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक किसान का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### मजदूर ने ईंट गिरने पर मजदूर को मारा चाकू

**उज्जैन।** भट्टे पर काम के दौरान एक मजदूर से दूसरे मजदूर पर ईंट गिरने से लगी चोंट को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। बैरछा का रहने वाला गोविंद पिता राकेश राजोरिया भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम गौंसा में ईट भट्टे पर काम करता है। शनिवार सुबह काम के दौरान उसके हाथ से ईंट छूट गई और दूसरे मजदूर अरूण के पैर पर गिर गई। इसी बात पर अरूण ने विवाद किया और चाकू से गोविंद के सिर पर हमला कर दिया। गोविंद के लहूलुहान होते ही अरूण काम छोड़कर भाग निकला। गोविंद को भट्टे पर काम करने वाले अन्य मजदूर चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने चाकू का घाव गहरा होने पर सिर में पांच टांके लगाये। मामले की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल गोविंद के बयान दर्ज चाकू मारने वाले अरूण की तलाश शुरू की है। जो पिपलीनाका क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती रेखा कुमावत पति श्री गोपाल कुमावत, निवासी-7/1, गंगा नगर कमल कॉलोनी के पास, उज्जैन से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-26, कैलाश एम्पायर, पाण्डयाखेड़ी एम.आर, 5 रोड़ उज्जैन मे स्थित है भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 116.25 वर्ग मीटर है भूखण्ड कि चर्तु:सीमा उत्तर/पूर्व में-सड़क कॉलोनी कि, दक्षीण/पश्चीम में भूखण्ड क्रमांक 41, पश्चिम / उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 27, पूर्व / दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 25 के मध्य मिला हुआ है को मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित में दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सूचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन में बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित में दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्रह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-09.05.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी.एफ.-9, भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन**

# आधी रात को बड़नगर पुलिस की पारदी डेरो पर दबिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



संपति संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार-शनिवार रात बड़नगर थाना पुलिस ने पारदी डेरो के साथ मजदूर डेरो पर दबिश मारी। इस दौरान अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को पकड़ा गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार के निर्देशन में एसआई सुरेन्द्र गरवाल, चांदनी पाटीदार, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाड़ा सरदारसिंह भगोरा की टीम बनाई गई। जिसमें प्रधान आरक्षक और आरक्षकों की टीम बनाई गई थी। आधी रात को कस्बे के आसपास पारदी डेरो पर दबिश दी गई और मजदूर डेरो को चैक किया गया। करीब 60 संदिग्धों से पूछताछ की गई। चैकिंग के दौरान नूरिया खाल के पास एक बदमाश हाथ में बक्का लेकर घूमता दिखाई दिया। जिसे टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा और अवैध बक्का जप्त किया। पूछताछ करने पर बदमाश का नाम महेन्द्र उर्फ बंटी पिता जगदीश जोकचंद्र 26 साल निवासी संजयनगर बड़नगर होना सामने आया। अवैध हथियार रखने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार डेरो पर दबिश लूट, चोरी, नकबजनी जैसे संगीन अपराधों को देखते कार्रवाई की गई थी। इस दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। विदित हो कि 2 दिन पहले पंवासा, भैरवग?, महाकाल, चिमनगंज और घट्टिया थाना क्षेत्रों में पारदी डेरो पर दबिश दी गई थी। इस दौरान 147 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। जिसमें से 22 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी।

# तभी आत्मबोध होगा



जिस प्रकार मकड़ी (जाल के) धागे को अपने से बाहर निकालती है और फिर से उसे अपने में समेट लेती है, उसी प्रकार मन संसार को अपने से बाहर निकालता है और फिर से उसे अपने में समेट लेता है। जब मन स्वयं को छोड़ देता है, तब संसार प्रकट हो जाता है। अतः जब संसार प्रकट होता है, तब आत्मा प्रकट नहीं होती और जब आत्मा प्रकट होती है (चमकती है), तो जगत प्रकट नहीं होता।

जब कोई लगातार मन की प्रकृति के बारे में पूछताछ करता है, तो मन शांत हो जाएगा और स्वयं को अवशेष के रूप में छोड़ देगा। मन हमेशा किसी स्थूल (भौतिक शरीर) पर निर्भर होकर ही अस्तित्व में रहता है; यह स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में नहीं रह सकता। मन को ही सूक्ष्म शरीर या आत्मा कहा जाता है। जो शरीर में मैं के रूप में उगता है, वह मन है। यदि कोई पूछे कि मैं का विचार सबसे पहले शरीर में कहां से उठता है, तो उसे पता चलेगा कि यह हृदय में उठता है। वह मन की उत्पत्ति का स्थान है। मन में उठने वाले सभी विचारों में मैं-विचार सबसे पहले आता है। इसके बाद ही अन्य विचार आते हैं।

ह्यमैं कौन हूं? यह विचार अन्य सभी विचारों को नष्ट कर देगा और चिता को भड़काने वाली लाठी की तरह अंत में स्वयं भी जल जाएगा। तभी आत्मबोध होगा। जैसे ही कोई विचार उठे, व्यक्ति को सचेत होकर पूछना चाहिए, ह्ययह विचार किसके मन में उत्पन्न हुआ है? जो उत्तर सामने आएगा, वह होगा ह्यमेरे। इसके बाद यदि कोई पूछता है, मैं कौन हूं? मन अपने स्रोत पर वापस चला जाएगा और जो विचार उत्पन्न हुआ, वह शांत हो जाएगा।



**सम्पादकीय**

## अब नई सरकारें

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली नई पार्टी टीवीके ने बहुमत का आंकड़ा जुटा लिया है और इसके साथ ही वहां सियासी उठापटक की आशंका टलती दिख रही है। अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके चुनाव में 108 सीटें जीतने में कामयाब रही, पर बहुमत से 10 सीटें कम होने की वजह से उसे सरकार गठन में परेशानी आई। इसकी वजह से एक समय ऐसा लगा कि वह सरकार नहीं बना पाएगी। उसके विधायकों ने यहां तक फैसला कर लिया कि अगर राज्य में किसी और की सरकार बनी, तो वे विधानसभा से इस्तीफा दे देंगे। दरअसल, चुनाव जीतने के तुरंत बाद विजय से कुछ गलतियां हुईं, जिनका उन्हें आगे ध्यान रखना होगा। जब गठबंधन की नौबत आए, तब नेताओं को समावेशी होना पड़ता है। विजय में एक नेता के रूप में जो लचीलापन चाहिए, उसका अभी अभाव है। राजनीति में फिल्मी स्टारडम मतदाताओं के बीच तो चलता है, पर राजनीतिक समाज इसे ज्यादा महत्व नहीं देता है।

अब तमिलनाडु में बहुमत विवाद सुलझ गया है, पर अगली सरकार बनाने के लिए जिस तरह की सियासत वहां हुई है, वह दिलचस्प है। तमिलनाडु ने याद दिलाया, राजनीति में अवसरवादिता के दिन नहीं लदते। यह आश्चर्य का विषय है कि दशकों से एक-दूसरे की धुर विरोधी द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच मिलकर सरकार बनाने की चर्चा चल पड़ी। इसके अलावा द्रमुक के नेतृत्व में गठबंधन का हिस्सा रही कांग्रेस का विजय के पक्ष में आ जाना भी बहुतों को नागवार गुजरा। खुद द्रमुक ने इसे देश की सबसे पुरानी पार्टी का चरित्र बता दिया। संकेत स्पष्ट है, विजय तमिलनाडु में सरकार बना लेंगे, पर उन्हें कदम-कदम पर तगड़े विपक्ष से दो-दो हाथ करना पड़ेगा। द्रमुक को दोहरा झटका लगा है। कांग्रेस, वीसीके, भाकपा और माकपा ने राज्य में सत्ता के लिए द्रमुक का साथ छोड़कर विजय का दामन थाम लिया है। इससे यह भी पता चलता है कि द्रमुक के नेता एम के स्टालिन अपने गठबंधन को पर्याप्त सम्मान और समन्वय से नहीं चला रहे थे। यह द्रविड़ पार्टियों का गैर-समावेशी स्वभाव है कि ये चुनाव जीतने के लिए गठबंधन करती हैं, पर अपने सहयोगी दलों को सत्ता से दूर रखकर अपमानित भी करती हैं। खैर, तमिलनाडु जैसी स्थिति बंगाल में नहीं बनी। यहां सहजता से भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री चुन लिया है। मजबूत जमीनी नेता शुभेंदु अधिकारी ममता बनर्जी पर हमेशा इक्कीस पड़े हैं। वह भाजपा की संस्कृति में इतने घुल-मिल गए हैं कि उनके नेतृत्व में सरकार का गठन स्वाभाविक है। तृणमूल की आक्रामकता के सामने हिम्मत न हारने का पुरस्कार शुभेंदु अधिकारी को मिलना ही चाहिए था। वैसे, उनके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी।

**[प्रसंगवशः 10 मई – मातृ दिवस]**

# एक नाम, जिसमें पूरा जीवन सिमट जाता है – माँ

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी माँ का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन माँ के निस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका,



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है जो हर जीवन की नींव है। माँ वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है, और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर माँ का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है। इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।

जहाँ शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएँ छोटी पड़ जाती हैं, वहीं माँ के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही माँ के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देना–ये सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में माता वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर माँ तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब माँ की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक माँ ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी



तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवेदनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहाँ माँ खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है। इसलिए माँ की कोई तुलना संभव नहीं – वह हर उपमा से परे है।

जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब माँ का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करना–यही माँ की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है।

जब भावनाएँ बाजार की चमक में सिमटती हैं, तब मातृ-दिवस का अर्थ धुंधला पड़ जाता है। समय के साथ यह अवसर उपहारों, कार्डों और औपचारिकताओं तक सीमित हो गया है, जबकि इसकी आत्मा कहीं गहरी है। मातृ-दिवस की पहल करने वाली अन्ना जार्विस ने इसके व्यावसायीकरण पर खेद जताया था। उनका मानना था कि माँ के प्रति सच्चा सम्मान एक दिन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार में झलकता है। माँ के साथ बिताए गए सच्चे पल, उसकी बातों को ध्यान से सुनना और उसकी भावनाओं को समझना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि माँ के प्रति कृतज्ञता कोई क्षणिक भावना नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला भाव है।

जहाँ से भविष्य की दिशा तय होती है, वहाँ माँ की छाप सबसे गहरी होती है। वह सिर्फ परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की असली नींव है। एक शिक्षित और जागरूक माँ अपने बच्चों के साथ समाज को भी सही राह दिखाती है। खेतों से शहरों तक, अनगिनत माताएँ बिना वेतन और बिना विश्राम निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगी हैं। उनका परिश्रम भले मौन हो, पर उसका प्रभाव असीम है। जब माँ अपनी बेटी को शिक्षित करती है, तो वह एक नहीं, कई पीढ़ियों को सशक्त बना देती है। इसलिए माँ की भूमिका इतनी विशाल है कि उसे शब्दों में पूरी तरह बाँध पाना संभव नहीं।

जब कृतज्ञता शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प बन जाती है, तभी मातृ-दिवस का अर्थ पूर्ण होता है। 10 मई 2026 हमें केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पहचानने का अवसर देता है। माँ के लिए एक स्नेहभरा फोन, उसके साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय या एक सच्ची मुस्कान – ये छोटे कदम उसके जीवन में गहरी खुशी भर देते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसके चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े और उसकी आँखों में आँसू न आएँ। क्योंकि माँ की प्रसन्नता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और उसकी संतुष्टि से बड़ा कोई पुरस्कार नहीं।

जब हर रिश्ता समय के साथ बदलता है, तब भी एक सत्य अडिग रहता है – माँ। उसका प्रेम वह सूक्ष्म धागा है, जो टूटे सपनों को फिर से जोड़ देता है और बिखरे जीवन को संवार देता है। 10 मई 2026 का यह मातृ-दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उसी के अंश हैं, उसके त्याग और स्नेह का विस्तार हैं; उसके बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इसलिए यह दिन केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का है – उसके आदर्शों पर चलने का, उसके त्याग का सम्मान करने का और उसके प्रेम को जीवन का मार्ग बनाने का। जय माता दी – हर उस माँ के लिए, जो न थकती है, न हारती है, और सदैव अपने बच्चों के लिए दीपक बनकर जलती रहती है।

## शीशे के पार एक अधूरी चीख

उस अठारह गुणा चौबीस के कांच के टुकड़े पर एक अजीब सी खामोशी पसरी थी। ड्रेसिंग टेबल के उस पार खड़ी माया अपनी उंगलियों से उस सतह को सहला रही थी, जहाँ सूखे गोंद के निशानों ने एक अजीब सा नक्शा बना दिया था। वहां लाल, नीली और सुनहरी बिंदियों का एक जमघट था। कुछ के रंग उड़ चुके थे, कुछ का मखमल घिस गया था, और कुछ बस अपनी आखिरी सांसें गिनते हुए कांच से लटकी थीं। तुम इन्हें हटाती क्यों नहीं? मैंने गलियारे से गुजरते हुए पूछा। माया ने बिना मुड़े जवाब दिया, इतिहास मिटाया जाता है, विसर्जित नहीं किया जाता।₹ उसकी आवाज में वह भारीपन था जो अक्सर पुराने मकानों की सीलन में होता है। वह आईना नहीं था, वह उन लम्हों की एक ऐसी नुमाइश थी जहाँ हर बिंदी एक मुकम्मल दास्तान दबाए बैठी थी। शहर के इस शोरगुल वाले फ्लैट में वह कोना एक ऐसी शांत घाटी बन गया था, जहाँ समय रुकने का ढोंग कर रहा था।

जैसे-जैसे दिन ढलते गए, उस कांच पर बिंदियों की तादाद बढ़ती ही गई। ऐसा लगता था कि माया अपनी माथे की रौनक को हर रात उस ठंडे कांच पर गिरवी रख देती है। आज फिर एक नई? मैंने छेड़ा। उसने शीशे में मुझे देखते हुए कहा, ₹सिर्फ एक और गवाह।₹ वह आईना अब एक चेहरा नहीं, बल्कि एक रोजनामचा बन चुका था। हर बिंदी एक हार थी, एक समझौता था, या शायद किसी अनकही चीख का मौन स्मारक। धूल की एक परत ने उन पर अपनी चादर बिछा दी थी, जिससे वे किसी प्राचीन शिलालेख की तरह दिखने लगी थीं। मोहल्ले की औरतें कहती थीं कि माया का श्रृंगार उसकी ताकत है, पर मुझे उस आईने को देखकर लगता था कि वह कांच हर रोज उसकी रूह का एक कतरा नोच लेता है और बदले में एक बेजान बिंदी चिपका देता है। एक रात बारिश की झड़ी लगी थी। कमरे में बिजली गुल थी और मोमबत्ती की लौ में वे बिंदियां दीवारों पर डरावने साये बना रही थीं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 मई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:52 सूर्यास्त 18:55
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - अष्टमी 15:07 उपरांत नवमी
नक्षत्र - धनिष्ठा 24:50 उपरांत शतभिषा
योग - ब्रह्म 02:09 उपरांत ऐन्द्र
करण - कौलव
चन्द्रमा - मकर में है। 12:13 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 22 तारिख

**मेष-** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें।

**वृषभ-** बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी।

**मिथुन-** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें।

**कर्क-** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**सिंह-** नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**तुला-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समज्कर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें।

**वृश्चिक-** घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नकारात्मकता रहेगी।

**धनु-** कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर-** नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रमाद न करें।चिंता तथा तनाव रहेंगे। नकारात्मकता रहेगी।

**कुंभ-** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

**मीन-** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। अकारण क्रोध होगा।

**व्यंग्य**

## दादा सुन्यो कई,वाकई,दीदी गई,..?

रोसगुल्ला वाले ,बंगाल में आज चार मई, बड़ी भारी पड़ी,राजनीति रह गई धरी,दीदी की वाणी हो गई मरी-मरी,श्रीराम के विरोध में बोलती थी बिल्कुल खरी-खरी,अब दूर कोने में बैठ जपेगी हरि-हरि,विगत एक दशक से खूब देख रही थी हरी-हरी,झंडा भी था हरा और खुद सत्ता से लबरेज थी हरीभरी!



दिनेश गंगराड़े
(दैनिक अवन्तिका)

सीएम की शीट पर विराज कर किसी की नही सुनी,चखती रही खूब करी-करी,इधर मोटा भाई,हाथ धोकर पीछे पड़ेल थे,जप रहे थे नारायण हरि!राम भक्तों के नाम से दीदी को बड़ी चिढ़ थी,वें हो जाती थी पीली-हरी,डेढ़ दशक से दीदी चख रही थी सत्ता की तरी,पंद्रह साल के शासन काल में दीदी ने खूब मलाई उड़ाई,चरी,बनी हुई थी वें सत्ता की परी।चुनावी परिणाम उगल रहे है कि वाकई,दीदी गई,बीजेपी की मन की हो गई, अब भाजपा को लग रहा है कि हुआ सईं-सईं,वें सच में सत्ता से गई-गई,बीजेपी लंबे अरसे बाद पहली दफा बोंगोल में अई-आई!कई बार अखबारों में मैने पढ़ा की दीदी,राम के नाम पर ही बौखला जाती थी, भनभन्नाट हो जाती थी और लोगों को खदेड़ने का संकेत देती थी।राम के देश में ,राम से इत्ती नफरत, काहे?अपुन ठेठ गांव की पैदाइश,सत्तावन का मॉडल, पेंशनर,अपुन को राजनीति का उत्ता ही ज्ञान है,जित्ता काला अक्षर भैस बराबर होता है।पॉलिटिक्स का प भी नहीं जानता, बस इतनी राजनीतिक समझ है कि समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह नल की टोटी, कांग्रेस का चमेली का फूल,बीजेपी का पंजे का हाथ और ममता दीदी का चुनाव चिन्ह फूल,पत्ती है जिसे बंगालियों ने दे दी बत्ती है। मेरे एक साहित्यिक मित्र ने बंगाल चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया दी कि ताड़का वध हो गया।श्री राम प्रभु,संकेतक में कौन रहे मोटा भाई,पीएम? नही बंगाल की जनता जनार्दन,जिन्होंने भयावह ताड़का को मौत के मुंडे में धकेला। पंद्रह साल के कुशासन का किला ढहा,जनता ने खूब सहा? विरोध का आक्रोश बहा, और झांकी निपट गई।आजादी के बाद पहली दफा बंगाल में भगवा लहराया है।ममता,शब्द ही मां का दूजा नाम है लेकिन दीदी का मिजाज सख्त था।नाम अनुरूप ममता नदारद थी,बनर्जी की खत्म हो गई एनर्जी? अहंकार जब चरम पर होता है तो यकायक पतन होता है।ज्ञानी लोग,बक गए हैं कि वक्त बादशाह है।इंसान कुछ भी नहीं, जो होता है समय कराता है। आप,हम महज कठपुतली है जिसकी डोर ऊपर वाले के हाथ में है।

### नशामुक्त जीवन हो

समाज को नशे की बुराइयों से मुक्त करने के लिए जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को समझाए कि नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि परिवार और समाज पर भी बुरा असर डालता है।नशे से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए लोगो को प्रेरित करें।साथ ही नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इसके लिए पारिवारिक,सामाजिक और सरकारी सपोर्ट सिस्टम होना आवश्यक है। तभी नशामुक्ति संभव होगी।नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाला नुकसान हमारी कल्पना से कहीं अधिक घातक और जानलेवा होता है। खास तौर से युवाओं के बीच नशीले पदार्थों के सेवन का बढ़ता चलन अब एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है।किसी भी प्रदेश का भविष्य और तरक्की वहां के युवाओं पर टिकी होती है। देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चली जाए तो निश्चित तौर पर उनका जीवन अंधकारमय हो सकता है। नशे का मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसी कई परिस्थियाँ निर्मित होती है` जिससे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता ही है साथ ही आर्थिक स्थिति भी कमजोर बनती है। नशीले पदार्थो के बढ़ते चलन पर अंकुश लगना चाहिए। इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है।

**– संजय वर्मा 'दृष्टि '**

# असहिष्णुता को नकारते चुनाव परिणाम

सत्ता परिवर्तन अकारण नहीं होते। चुनाव परिणामों का समग्र विश्लेषण करने पर यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जनमानस में जिस जनादेश को केवल परिवर्तन की बयार के रूप देखा जा रहा है वह केवल परिवर्तन की लहर मात्र नहीं हैं। इसमें एंटी इनकंबेंसी एक कारण तो हो सकता है परंतु एक मात्र कारण नहीं। क्योंकि यदि ऐसा होता तो आसाम और पुंडुचेरी में भी परिवर्तन होना चाहिये था। परंतु आसाम जैसे राज्य में उत्तरोत्तर बढ़ते जन समर्थन के साथ एक ही दल की तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार बनी।



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

अन्य कारणों में एक अहम कारण है तीन राज्यों में सत्ता च्युत किए गए दलों में एक सामान्य प्रवृत्ति का होना। तीनों ही दल या गठबंधन स्वयं को धर्म निरपेक्ष सिद्ध करने हेतु हिंदू समाज और सनातन धर्म की अकारण आलोचना का सहारा नियमित रूप से लेते रहे है। विकास, रोजगार और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे देश व्यापी है परंतु इनके विरूद्ध आक्रोश सत्ता परिवर्तन के रूप में केवल इन्हीं तीन राज्यों में व्यक्त होना इसका प्रमाण है कि आम जनता को प्रभावित करने वाले उपरोक्त मुद्दों के अलावा भी कुछ अन्य विशेष मुद्दे है जो महत्वपूर्ण है। इनमें मुख्य रूप से राष्ट्रवाद, नागरिक सुरक्षा और जाति ,धर्म, भाषा और क्षेत्र आधारित असहिष्णुता है जो इन राज्यों की मुख्यतः बंगाल की पहचान बन चुके थे। इन्हीं तीन मुद्दों पर सत्ता परिवर्तन की सक्रियण ऊर्जा के रूप में हिंदूओं का आंशिक ध्रुवीकरण हुआ। परिवर्तन की प्रेरणा जो भयमुक्त वातावरण के अभाव में सुप्त थी, सुरक्षा का आश्वासन पाकर चेतन हुई। सभी प्रकार की असहिष्णुता की अनिवार्य परिणति अराजकता है। यह बंगाल में अपने पूर्ण यौवन में थी। सीबीआई अधिकारियों से मारपीट, ईडी जांच के दौरान प्रदेश के मुखिया द्वारा सबूत छिपाने का प्रयास सत्तारूढ़ दल की स्वेच्छाचारिता की पराकाष्ठा थी। कानून का मखौल उड़ाती ऐसी व्यवस्था के विरूद्ध यह जनादेश है। तमिल नाडु के सत्ता परिवर्तन को भाषा और क्षेत्र वादी असहिष्णुता से बल पाती द्रविड़ राजनीति के आंशिक पटाक्षेप के रूप में देखा जाना चाहिये।

बंगाल में बहुसंख्यक एवं अल्पसंख्यक समुदाय का धर्म आधारित ध्रुवीकरण चुनाव पूर्व से ही सर्वाधिक चर्चित विषय रहा है। यद्यपि आजादी के बाद से ही देश में अल्पसंख्यक समुदाय का पहले कांग्रेस के पक्ष में और बाद में कुछ क्षेत्रीय दलों के पक्ष में ध्रुवीकरण होता रहा है। इसके उपरांत भी दशकों तक बहुसंख्यक समाज प्रतिक्रियात्मक ध्रुवीकरण हेतु प्रेरित नहीं हुआ। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और प्रांतीय स्तर पर कांग्रेस के साथ क्षेत्रीय दल अल्पसंख्यकों के साथ बहुसंख्यकों का भी समर्थन पाकर सरकार बनाते रहे। पिछले दशक में केंद्र और राज्यों में भाजपा गठबंधन सरकारें बनने पर विपक्ष के आह्वान पर गेर भाजपा दलों के पक्ष में अल्पसंख्यक वोटों का ध्रुवीकरण तीव्र हुआ। यद्यपि बहुसंख्यक वर्ग ने तब भी ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति से दूरी बनाए रखी परंतु पिछले कुछ वर्षों में धर्म निरपेक्ष दिखने के अति उत्साह में कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दलों ने एकाधिक बार स्वयं को सार्वजनिक रूप से अल्पसंख्यक समुदाय की पार्टी घोषित किया एवं घोषणा के अनुरूप व्यवहार किया। इसकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया के रूप में हिंदू ध्रुवीकरण ने आकार लिया जिसका भरपूर लाभ भाजपा ने उठाया। परिणामस्वरूप पहले उत्तर प्रदेश में सपा, दिल्ली में आप और अब बंगाल में टीएमसी जैसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण में अग्रणी दल सत्ता से बाहर होते गए।

**धर्म-आस्था**

# धरती के संरक्षण के लिए पर्यावरण की शिक्षा जरूरी



शुद्ध वायु, जल, प्रकाश एवं अन्यान्य अवयवों के संतुलन से ही धरा पर विद्यमान जीवन तत्व की रक्षा संभव है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति हमारी उपभोग की नहीं अपितु उपयोग की वृत्ति हो। भारतीय परंपराओं का धरती के संरक्षण से पुराना संबंध है। प्राचीन काल से ही हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाते हुए चलने का संस्कार मिला है। यदि ये परंपराएं न होतीं तो आज हमारे देश की स्थिति भी गहरे संकट के कगार खड़े किसी पश्चिमी देश की तरह होती।

भौतिक विकास के पीछे दौड़ रही दुनिया को अब यह अहसास हो रहा है कि इस चमक-दमक के लिए क्या कीमत चुकाई जा रही है। आज ऐसा कोई देश नहीं है जो धरती के संरक्षण पर मंथन नहीं कर रहा हो। भारत भी चिंतित है, लेकिन जहां दूसरे देश भौतिक चकाचौंध के लिए अपना सब कुछ लुटा चुके हैं वहीं हमारे पास आज भी बहुत कुछ है। पश्चिम के देशों ने प्रकृति को हद से ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। वैसे देखा जाए तो प्रकृति को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए पश्चिम में मजबूत परंपराएं भी नहीं थीं।

हमारे यहां प्रकृति पूजन को प्रकृति संरक्षण के रूप में मान्यता है। हमारे यहां पेड़-पौधों, नदी, पर्वत, ग्रह, नक्षत्र अग्नि, वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को मां स्वरूप माना गया है। ग्रह, नक्षत्र, पहाड़ और वायु देवरूप माने गए हैं। हमारे शास्त्रों ने हमें जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति बताई है। इसके पीछे कोई न कोई वैज्ञानिक रहस्य अवश्य छिपा हुआ है। इन रहस्यों को प्रकट करने की दिशा में कार्य होना चाहिए। जियो और जीने दो भारतीय संस्कृति का मूल आधार है और यह सह अस्तित्व का सिद्धांत ही हमें प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है।

हमारे ऋषि मुनि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है जल से वृक्ष है, जल से अन्न है और अन्न जीवन है। जीवन के चार महत्वपूर्ण आश्रमों में से ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास का सीधा संबंध वन और जंगलों से ही है।

पृथ्वी सभी वनस्पतियों की माता और मेघ पिता हैं क्योंकि वर्षा के रूप में पानी बहाकर यह पृथ्वी में गभार्धान करता है। वेदों में इसी तरह पर्यावरण का स्वरूप तथा स्थिति बताई गई है और यह भी बताया गया है कि प्रकृति और पुरुष का संबंध एक दूसरे पर आधारित होता है। पर्यावरण पृथ्वी पर जीवन के पोषण के लिए प्रकृति द्वारा दी गई अमूल्य भेंट है। पर्यावरण संरक्षण आज जीवमात्र के कल्याण के साथ साथ प्रकृति की सुरक्षा के लिए भी अति आवश्यक हो गया है। पर्यावरण परिवेश को इस स्थिति तक पहुंचाने वाला मनुष्य है और उसे वापस पूर्व स्थिति में लाने की क्षमता और विवेक भी उसी में है। अतः आज के इस युग में धरती के संरक्षण की शिक्षा अति आवश्यक और महत्वपूर्ण हो गई है। बिना पर्यावरण शिक्षा के धरती के संरक्षण की कल्पना भी नही की जा सकती। यदि समय रहते इस शिक्षा की और जनमानस का ध्यान आकर्षित नहीं किया गया तो प्रलय का आगमन अवश्यंभावी हो जाएगा।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,700 रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,50,500 पाट- 2,50,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## जनगणना कार्य का निरीक्षण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षक सम्मानित

**जीरापुर।** जिले में संचालित जनगणना कार्य के अंतर्गत शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती ज्योति राजोरे द्वारा तहसील जीरापुर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मेलखेड़ी ल्छछइ 184 में चल रहे जनगणना कार्य का जायजा लेकर व्यवस्थाओं एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण उपरांत तहसील कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिनका जनगणना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी ने तहसील जीरापुर में चल रहे जनगणना कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तहसील जीरापुर जिले में सबसे पहले जनगणना कार्य पूर्ण करने के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स रईस मोहम्मद मंसूरी, निर्मल सिंह पंवार, प्रणव खुजनेरी एवं नवनीत गुप्ता सहित पर्यवेक्षक अनिल पुष्पद, दीपक पवार, अमित भावसार, बद्रीलाल मालवीय तथा प्रगणक नरवर सिंह परमार एवं नारायण सिंह लववंशी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## उपाध्याय औदीच्य महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



**महिदपुर।** अखिल भारतीय औदीच्य महासभा द्वारा संगठन की कार्यप्रणाली को अधिक सुदृढ बनाने तथा सामाजिक उत्थान के संकल्प को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी के निदेर्शानुसार महिदपुर के ग्राम आजमाबाद धतुरिया निवासी नंदकिशोर उपाध्याय को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है । समाज के प्रति निष्ठा, अनुभव एवं सक्रिय सहभागिता को दृष्टिगत रखते हुए श्री उपाध्याय को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण स्थान दायित्व दिया गया है । श्री उपाध्याय के मनोनयन पर औदीच्य महासभा के महिदपुर के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं ईस्ट मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री त्रिवेदी सहित राष्ट्रीय महासभा के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

## राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई



**कानड़।** वीरता, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों, युवा मंडलों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रमों में भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। आयोजन आगर रोड बजाज शोरुम के पास किया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन संघर्ष में बिताया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस एवं स्वाभिमान की मिसाल बने। उनके जीवन से हमें संघर्ष, त्याग और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने एवं समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह राजपूत, दौलतपुर, जिला पंचायत सदस्य मुकेश केलकर, मंडल महामंत्री बनेसिंह चौहान, डी एस आर्य ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंक जायसवाल, मन की बात प्रभारी रामबाबू बिजापारी, कृष्णपाल सिंह राजपूत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित है।

# लेडी सिंघम' का एक्शन, अवैध लकड़ी के काले कारोबार पर वन और राजस्व विभाग का वज्रपात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



सोशल मीडिया पर पिछले कई दिनों से क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन की गूँज सुनाई दे रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए महिदपुर की जांबाज तहसीलदार संतुष्टि पाल ने 'लेडी सिंघम' के तेवर दिखाते हुए वन विभाग के साथ मिलकर एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस छापेमारी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

तहसीलदार संतुष्टि पाल के नेतृत्व में फॉरेस्ट रेंजर मदन सिंह मोहरे और डिप्टी रेंजर अंतर सिंह की टीम ने पूरी योजनाबद्ध तरीके से महिदपुर तहसील के विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी। टीम ने मुख्य रूप से झारड़ा और महिदपुर स्थित शिप्रा तोल कांटा के पास संचालित रुद्र खेड़ा आरा मशीन पर अचानक छापा मारा।जांच के दौरान टीम ने पाया कि आरा मशीन पर भारी मात्रा में ऐसी लकड़ी का स्टॉक मौजूद था, जिसका कोई वैध ट्रांजिट पास (ळढ) या दस्तावेज नहीं थे। नियमानुसार जितनी लकड़ी की अनुमति थी, मौके पर उससे कहीं अधिक मात्रा में अवैध लकड़ी पाई गई। मशीन संचालक टीपी के अतिरिक्त रखी लकड़ी के संबंध में कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। राजस्व और वन विभाग की इस संयुक्त टीम ने घंटों चली जांच के बाद अवैध लकड़ी को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की। मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया और आरा मशीन संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।तहसीलदार संतुष्टि पाल ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी अवैध कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने भी पुष्टि की कि आगामी दिनों में इस तरह की कार्रवाई और तेज की जाएगी ताकि अवैध परिवहन और कटाई पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

इस सफल कार्रवाई के बाद क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन की मुस्तैदी की सराहना की है।



## राणा को किसान कांग्रेस में मिली जिला सचिव पद की जिम्मेदारी

**खींची ने कमलसिंह राणा को सौंपा नियुक्ति पत्र**

**सारंगपुर।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी राजगढ में संगठन विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से नई नियुक्ति यां की गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्देश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी ने सारंगपुर विस के ग्राम आसारेटा के वरिष्ठ किसान नेता कमल सिंह राणा को जिला किसान कांग्रेस कमेटी राजगढ में जिला सचिव नियुक्त किया है। शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची ने श्री बागड़ी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में श्रीराणा को सौंपा और कहा कि आशा करता हूं कि श्री राणा पूरी ईमानदारी और लगन के साथ किसानों के मुद्दों को उठाएंगे। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे सदैव किसानों के साथ खडे रहकर उनके हितों के लिए कार्य करेंगे और संगठन की गतिविधियों से जिला कार्यालय को अवगत कराते रहेंगे। राणा ने भी नेताओं को आश्वस्त किया कि वह पार्टी की रीति-नीति अनुसार जनहित एवं किसान हित में सतत रूप से तन-मन-धन से कार्य करेंगे और किसानों के हक के लिए लड़ाई को सड़क तक लड़ेंगे और समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष करेंगे। इस नियुक्ति पर साथी कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने कमल सिंह राणा को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि स्वामी रफिक पिता अमीर खां आधार अनुसार पिता का नाम शाफिएह निवासी 22/1 दादा ढाई नौरोजी मार्ग पथ न. 1 नागर उज्जैन म.प्र.मे उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम फतेहावाद तहसील उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 458/1/2, रकबा 0.1140 हेक्टर मे से रकबा 0.057 हेक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 0.1140 हेक्टर, की कृषि भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध करार गया होकर बयाना राशि अदा कर है, और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि कृषि भूमि स्वामी को अदा करके विक्रय पत्र की रजिस्टी करवाई जाना है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की (रजिस्ट्री) पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व जिसके पश्चात किसी की भी कोई आपत्ति मान्य

नहीं होंगी। । इति दिनांक 09-05-2026 स्थान उज्जैन अु. अभिभाषक आबिद सांखला मंसुरी उज्जैन

**कार्यालय-3 तीसरी मंजिल लालवानी टावर**
**शहिद पार्क फ्रीगंज उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9926060115**

बेटियों का सम्मान, सारंगपुर का गौरवः सादानी

# डॉ. प्रिया गुप्ता का पूर्व नपाध्यक्ष सादानी ने किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



शहर के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णगोपाल गुप्ता की सुपुत्री प्रिया गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बडी उपलब्धि हासिल करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। प्रिया की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि उन्होंने पूरे सारंगपुर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

नगर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी ने प्रिया गुप्ता के डॉक्टर बनने की उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया। श्रीमती सादानी ने कहा कि प्रिया जैसी बेटियाँ समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से ऊँचे मुकाम हासिल कर रही हैं। सादानी ने कहा कि बेटियों की सफलता समाज की प्रगति का आईना है। बेटियों का सम्मान, सारंगपुर का गौरव हैं। डॉ. प्रिया ने अपनी मेहनत से यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी मंजिल कठिन नहीं है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर इष्ट-मित्रों, शुभचिंतकों और स्थानीय नागरिकों ने डॉ. प्रिया गुप्ता और उनके पिता कृष्णगोपाल गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रिया गुप्ता की शैक्षणिक यात्रा शुरू से ही उपलब्धियों भरी रही है। उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया था। उनकी इसी प्रतिभा को देखते हुए तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष रूपल सादानी द्वारा उन्हें पूर्व में 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था।

## पेप्सी उधार न देने पर पेट्रोल डाल कर लगाई आग

**आरोपियों ने दुकानदार पर किया हमला**

**देवास।** ग्राम तालोद स्थित एक किराना स्टोर में गुरुवार शाम करीब 6 बजे तीन आरोपियों ने पेट्रोल फेंककर आग लगा दी। इस घटना में दुकानदार फूलसिंह सिसोदिया और उनका भतीजा गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने फरियादी के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी फूलसिंह सिसोदिया (41) 'लल्ला किराना स्टोर्स' चलाते हैं। गुरुवार को दिन में करीब 4 बजे आरोपी गोविंद का भांजा दुकान पर 5 रुपए की पेप्सी उधार लेने आया था। फूलसिंह ने उसे अपने मामा को भेजने के लिए कहा, जिसके बाद वह चला गया।

शाम करीब 6 बजे गोविंद पिता फूलसिंह टकवाणा अपने दोस्त कृष्णपाल इंदरसिंह गोयल और आदर्श सोभालसिंह सेंधव के साथ दुकान पर पहुंचा। उन्होंने फूलसिंह को गालियां देते हुए कहा, ₹साले तू मुझे नहीं पहचानता।₹ इसके बाद गोविंद ने पेट्रोल से भरी पॉलिथीन फूलसिंह पर फेंक दी, जो काउंटर पर गिरी और फैल गई। आरोपियों ने माचिस की तीली जलाकर फेंकी, जिससे काउंटर और फूलसिंह के कपड़ों में आग लग गई। आग लगते ही फूलसिंह दौड़कर बाथरूम में गए, जहां उनकी पत्नी और बहन ने पानी डालकर आग बुझाई। तब तक उनके दोनों पैर जांघ तक और दोनों हाथ कोहनी तक जल चुके थे। दुकान में पीछे बैठे भतीजे राज पर भी थोड़ा पेट्रोल गिरने से उसका एक पैर और एक हाथ झुलस गया।

## भीषण गर्मी से दोपहर में सूने पड़े बाजार

**बदनावर।** नगर और आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को यहां का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज धूप के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह 10:30 बजे से ही गर्मी का असर महसूस होने लगता है। दोपहर में चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण बाजारों की सड़कें सूनी दिखाई देती हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा बांधकर और चश्मा लगाकर वाहन चलाते हुए नजर आ रहे हैं। बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है, लोग केवल आवश्यक काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। गन्ने का जूस, कुल्फी, बर्फ के गोले, पेप्सी, कोल्डड्रिंक और आम रस की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है।

देवास में कई टूटते परिवार फिर हुए एक

# नेशनल लोक अदालत में सुलझे विवाद, काउंसलिंग के बाद दंपत्तियों ने साथ रहने का लिया फैसला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद सुलझाए गए। कुटुंब न्यायालय में गहन काउंसलिंग और समझाइश के बाद अलगाव की कगार पर पहुंचे कई दंपत्तियों ने फिर से साथ रहने का फैसला लिया। बच्चों के भविष्य और परिवार को ध्यान में रखते हुए जोड़ों ने अपने मतभेद भुलाकर रिश्तों को नई शुरूआत दी।

लोक अदालत में ऐसे कई दंपत्ति पहुंचे थे, जिनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। काउंसलिंग के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और रिश्तों को बचाने का प्रयास किया। कुछ मामलों में पतियों ने अपनी गलतियां स्वीकार करते हुए पत्नियों का सम्मान करने और जीवनभर साथ निभाने का वादा किया। कई दंपत्तियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर और माला पहनाकर रिश्ते को नई शुरूआत दी।

लोक अदालत में प्रेम विवाह करने वाले ऐसे जोड़े भी पहुंचे थे, जिनके रिश्ते विवादों के कारण टूटने की स्थिति में पहुंच गए थे। घंटों चली काउंसलिंग के बाद उन्होंने भी साथ रहने का निर्णय लिया।

कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जितेंद्र सिंह कुशवाह (पीठासीन अधिकारी खंड क्रमांक-2) ने बताया कि न्यायालय का पहला प्रयास सुलह करवाना होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायाधीशों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है और इसमें वकीलों का भी सहयोग मिलता है।

देवास की नम्रता प्रजापति ने बताया कि कॉलेज के दिनों में उन्होंने रविंद्र प्रजापति से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद धीरे-धीरे दोनों के रिश्ते में दूरियां बढ़ने लगीं। नम्रता ने कहा कि गर्भावस्था के कठिन समय में उन्हें पति का साथ और अपनापन नहीं मिला, जिससे वे नाराज होकर मायके चली गईं।

दोनों अलग रहने लगे, लेकिन समय के साथ बच्ची की मासूम मुस्कान और उसके भविष्य की चिंता ने दोनों को फिर करीब ला दिया। काउंसलिंग के दौरान रविंद्र प्रजापति ने अपनी गलतियां स्वीकार कीं और कहा कि अब वे पत्नी और बच्ची को कभी अकेला महसूस नहीं होने देंगे।

In The Court Of V Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्री पंकज गोंडू भलेराव**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(EX: A/0000002/2026)

**बबीता भाटी.....वादी**

**Vs**

**प्रवीण सालवी---- प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 15/06/2026**

**प्रेषिती**

(1) श्रीमती हुकुमबाई पति बंसीलाल पता मक्सीरोड भारत पेट्रोल पम्प के सामने पंवासा उज्जैन

यह कि प्रार्थी श्रीमती बबीता भाटी पति स्व. श्री आजाद भाटी, आयु-26 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-मक्सी रोड भारत पेट्रोल पंप के सामने पंवासा उज्जैन, हा.मु. बालौदा लक्खा तह. बडनगर द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 व सहपठित धारा 151 सी.पी.सी. का न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड उज्जैन द्वारा प्रकरण आर सी एस ए 26/2022 बबीता वि. प्रवीण आदि में पारित निर्णय जयपत्र दिनांक 19 दिसंबर 2025 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 07 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**पंकज गोंडू भलेराव**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**जाहिर सूचना**

हर आम, खास, सर्व साधारणजन, शासकीय एवं अर्द्धशसकीय संस्थाओं, बैंक आदि को सूचित किया जाता है कि- 01- मेरी पक्षकारिया श्रीमती प्रभा वर्मा का विवाह के पूर्व नाम फूलवती वर्मा रहा है तथा विवाह के पश्चात कुछ सम्पत्तियों एवं बैंक खाते में नाम फूलवती वर्मा ही रहा है किन्तु बाद में नाम परिवर्तन होकर उनका नाम प्रभा वर्मा पति वीरसिंह वर्मा हो गया है तथा सरकारी दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में भी उनका नाम प्रभा वर्मा ही दर्ज है। उक्त दोनो ही नाम मेरी पक्षकारिया के ही है तथा वर्तमान में दोनों ही नाम प्रचलन में है।

उक्त जाहिर सूचना प्रकाशन हेतु मेरे पक्षकार श्रीमती प्रभा वर्मा पति श्री वीर सिंह वर्मा निवासी 6 एम आय जी मुनिनगर इंदौर मार्ग मॉडल स्कुल के सामने उज्जैन के द्वारा अधिकृत किया होने से उक्त जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया जा रहा हैं। इति दिनांक 09.05.2026 स्थान उज्जैन

**प्रवीण कुमार पण्ड्या एडवोकेट**
**12/1 अशोक मंडी मार्ग आगर रोड़ इंदिरानगर उज्जैन**
**मोबा. 9907452080**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि स्वामी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 863/2/1/1 स्थित ग्राम इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय कर लिया है। इसमें मय खुली जमीन तल एवं हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दी गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चयात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक - 09/05/26 उज्जैन

**प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलय 21, दशहरा मैदान उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल न. 91111-44811**

In The Court Of II Additional Judge to I Civil Judge Class-I, Teh Nagda District Court, Presiding Officer

**श्रीमती सौम्या विजयवर्गीय**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000015/2024)

**उंकारलाल धाकड़------------वादी**

**Vs**

**दुगार्बाई धाकड़------------ प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 22/06/2026**

**प्रेषिती**

(1) कैलाशचंद्र पिता आत्माराम पता कस्बा उन्हेल तहसील व जिला रज्जैन
(2) महेश पिता मांगीलाल पता कस्बा उन्हेल तहसील व जिला उज्जैन
(3) सुनिता पिता जीवनलाल पता बाफना पार्क उज्जैन जिला उज्जैन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादी उंकारलाल आदि ने उपरोक्त प्रतिवादीगण के विरुद्ध घोषणात्मक सहायता एवं स्थाई निषेधाज्ञा के संबंध में वाद प्रस्तुत कर सहायता चाही है जिसकी सुनवाई दिनांक 22/06/2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त वाद पत्र मे कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/06/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 05 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सौम्या विजयवर्गीय)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड न्यायालय के**
**द्वितीय अति. न्यायाधीश नागदा, जिला उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वेदप्रकाश शुक्ला पिता श्री महेशचन्द्रजी शुक्ला आयु 45 वर्ष व्यवसाय कृषि जाति ब्राहम्ण निवासी 170, रविन्द्रनाथ टैगोर मार्ग, साकड़िया सुल्तान मंदिर के पास अब्दालपुरा उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 3104/2/2/2 क्षेत्रफल 0.0185 हैक्टर, भूमि सर्वे क्रमांक 3105/2/1/2 क्षेत्रफल 0.024 कुल किता 2 कुल क्षेत्रफल 0.0425 हेक्टर हैं। इस कृषि भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का तय पाया है, जिसमें मेरे पक्षकार से श्री वेदप्रकाश शुक्ला पिता श्री महेशचन्द्रजी शुक्ला ने टोकन बयाना राशी भी प्राप्त कर ली गई है। मेरे पक्षकार द्वारा राशी चुकाकर अनुबन्ध पत्र का सम्पादन करा लिया गया हैं व अनुबन्धित अवधि में शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जावेगी। उक्त कृषि भूमि के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त कृषि भूमि में स्वत्व हित निहित हो, व इस कृषि भूमि को किसी के हित में किसी भी प्रकार से अनुबन्धित किया गया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 (पन्द्रह) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शेष विक्रय मूल्य में से ओर राशी चुकाकर अनुबन्ध पत्र का सम्पादन कराया जावेगा व शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर अनुबन्धित अवधि में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक : 09/05/2026 ई., स्थान- उज्जैन

**(मानमल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**मोबाईल 94250-91829**

In The Court Of II Additional Judge to I Civil Judge Class-I, Teh Nagda District Court, Presiding Officer

**श्रीमती सौम्या विजयवर्गीय**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

(MJC SUC/0000004/2026)

**लक्ष्मीबाई-------आवेदक**

**Vs**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक वाणिज्य शाखा प्रबंधक----अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 17/06/2026**

**प्रेषिती**

**(1) सर्वसाधारण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रमांक 1 लक्ष्मीबाई पत्नि श्री जगदीशचंद्र चौरसिया आवेदक क्रमांक 2 लगायत 7 के विरुद्ध रेल्वे विभाग द्वारा जगदीशचंद्र चौरसिया को केटरिंग लाईसेन्स क्रमांक 20019155000112 जारी किया गया था जिस पर आवेदक क्रमांक 2 के द्वारा जारी नंबर 11 के माध्यम से व्यवसाय किया जा रहा है श्री जगदीशचंद्र की मृत्यु होजाने से आवेदकगण के द्वारा उनके वैध वारिसान होन के नाते उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 06 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सौम्या विजयवर्गीय)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड न्यायालय के**
**द्वितीय अति. न्यायाधीश नागदा, जिला उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## तस्करी कर ले जाया जा रहा 94 किलो डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले की रूनिजा चौकी पुलिस टीम ने सुवासरा नई आबादी क्षेत्र में घेराबंदी कर एक संदिग्ध पिकअप दूध टैंकर को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी चतुराई से छिपाकर रखे गए 9 प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें कुल 94 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा भरा हुआ था। पुलिस ने मौके से आरोपी भारतसिंह सौंधिया को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त १२ लाख रुपये की कीमत का टैंकर और करीब 1.88 लाख रुपये मूल्य का डोडाचूरा जब्त कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि यह माल उसने अपने साथी संदीपसिंह सोंधिया की मदद से भरा था, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में कल मनेगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

**मंदसौर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आगामी 11 मई को भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के आराधना हॉल में च्सोमनाथ स्वाभिमान पर्वज का भव्य आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। यह पर्व गुलामी की मानसिकता को त्यागकर विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

## धूमधाम से मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

**मन्दसौर।** राजपूत सिंह सभा और शहर के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने मिलकर 9 मई को महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप और उनके स्वामिभक्त घोड़े चेतक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। राजपूत सिंह समाज के संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह परिहार ने बताया कि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार आज ही के दिन 1540 में भारत के महान सपूत का जन्म हुआ था। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, वीरता और स्वाभिमान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राणा ने मुगल सम्राट अकबर के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया, वह आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों से जुड़े सर्वश्री राघवेंद्र सिंह तोमर, ब्रजेंद्र सिंह चौहान, हरनाथ सिंह चौहान, गजराज सिंह चौहान, सहदेव सिंह चौहान, एड.सत्येन्द्र सिंह सोम, राजेंद्र सिंह तोमर, पुष्पा राठौड़, बालू सिंह सिसोदिया, हरिशंकर शर्मा, रविंद्र पांडे, विनोद मेहता, कन्हैया लाल सोनगरा आदि उपस्थित रहे।

## नगर में बिजली कटौती से भारी आक्रोश

**नीमच।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम जाट में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव में नई बिजली केबल डालने का कार्य चल रहा है, लेकिन इस काम के चलते बिना पूर्व सूचना घंटों तक बिजली बंद रखी जा रही है। इससे ग्रामीणों को गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमर्जी के अनुसार कभी भी परमिट लेकर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। दो दिन पहले सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। तेज गर्मी के कारण लोग घरों में भी बिना पंखे और कूलर के नहीं रह पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि केबल कार्य करना ही है तो सुबह के समय शेड्यूल बनाकर काम किया जाए ।

## महिला पर पति व ससुराल वालों ने किया हमला

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत डोसीगांव मल्टी में एक महिला के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता जब दो महीने बाद अपने मायके बदनावर से वापस लौटी, तो उसके पति और अन्य परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया।

# रतलाम-चित्तौडगढ़ रेलखंड पूर्ण रूप से दोहरीकृत रेलखंड बन गया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत नीमच-रतलाम दोहरीकरण परियोजना के तहत मंदसौर-दलौदा रेलखंड के लगभग 14 किलोमीटर लंबे नवीन दोहरीकृत खंड का रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा निरीक्षण एवं गति परीक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ ही लगभग 133 किलो मीटर लंबे नीमच-रतलाम रेलखंड का दोहरीकरण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है तथा है।

पश्चिम परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त ई. श्रीनिवास ने 8 मई 2026 को मंदसौर-दलौदा रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन दोहरीकृत रेललाइन के अंतर्गत निर्मित पुलों, रेलवे ट्रैक, ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई), सिग्नलिंग प्रणाली तथा अन्य सभी संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इससे पूर्व ०६ मई 2026 को इस खंड पर स्थित शिवना ब्रिज का भी गहन निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के उपरांत 8 मई 2026 को नवीन दोहरीकृत रेलखंड पर विशेष निरीक्षण यान को लगभग 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से संचालित कर ट्रैक की गुणवत्ता, स्थिरता एवं संरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण एवं गति परीक्षण संतोषजनक पाए जाने के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा मंदसौर दलौदा दोहरीकृत रेलखंड पर यात्री एवं मालगाडियों के संचालन हेतु उपयुक्तता प्रमाण पत्र जारी किया गया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मंदसौर दलौदा खंड को संचालन की स्वीकृति मिलने के साथ ही नीमच रतलाम दोहरीकरण परियोजना का एक महत्वपूर्ण चरण पूर्ण हो गया है। यह परियोजना रतलाम मंडल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि रतलाम-चित्तौडगढ़ रेलखंड न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन, संस्कृति एवं औद्योगिक गतिविधियों की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रेलमार्ग है।

नीमच-रतलाम रेलखंड का दोहरीकरण क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान करेगा। दोहरीकरण के बाद ट्रेनों की संख्या एवं गति में वृद्धि संभव हो सकेगी, जिससे यात्रियों के समय की बचत होगी तथा रेल संचालन अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनेगा। अब सिंगल लाइन के कारण होने वाली क्रॉसिंग एवं ट्रेनों के अनावश्यक ठहराव की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए भी मील का पत्थर सिद्ध होगी। विशेष रूप से सीमेंट उद्योग सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों के लिए मालगाडि ?ों की आवाजाही अधिक तेज एवं सुगम हो सकेगी, जिससे माल परिवहन क्षमता में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

दोहरीकरण परियोजना के पूर्ण होने से रतलाम-नीमच-चित्तौडगढ़ रेलखंड पूर्ण रूप से दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेलखंड के रूप में विकसित हो गया है। इससे रेलवे की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी तथा भविष्य में यात्री एवं माल यातायात की बढ़ती मांग को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस परियोजना से क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी अधिक सुगम होगी, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की संभावना है। पश्चिम रेलवे द्वारा यह परियोजना यात्री सुविधा, संरक्षा एवं आधुनिक रेल अवसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस पर एमएसएमई के सशक्तिकरण और तकनीकी नवाचार पर जोर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



लघु उद्योग भारती की मंदसौर इकाई द्वारा संगठन का 33वां स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती म.प्र. के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के शुभ लाभ सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यमियों का लक्ष्य केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें कर्मचारियों के कल्याण, राष्ट्र के औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने संगठन को एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

समारोह के विशेष अतिथि लघु उद्योग भारती मालवांचल के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई क्रेडिट गारंटी और वित्तीय रियायतों की जानकारी देते हुए उद्यमियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं मालवांचल के संयुक्त महामंत्री संजय व्यास ने भी अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान मंदसौर इकाई के अध्यक्ष सौरभ तोमर ने एमएसएमई फेशिलिएशन काउंसिल की उपयोगिता बताते हुए छोटे उद्योगों में एआई के बढ़ते महत्व पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने समझाया कि एआई के माध्यम से कम लागत में पैकेजिंग डिजाइन और सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने सरकारी खरीद के लिए जीईएम पोर्टल और व्यापारिक अवसरों के लिए लीप पोर्टल की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर संगठन की प्रथम महिला सदस्य बबीता भट्ट का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव हर्षित सोनगरा ने किया व उपाध्यक्ष कन्हैया कुमावत ने आभार माना।

## प्रदेश अध्यक्ष कुं. रणजीत सिंह ने अपने पैतृक गांव में मनाए महाराणा प्रताप जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



9 अप्रैल को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अपने पैतृक गांव में उपस्थित होकर महाराणा प्रताप की आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए महाराणा प्रताप जयंती मनाई।

कुं शक्तावत ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर उपस्थित समस्त गांव वासियों को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेते हुए उनके पद चीन्हो पर चलते हुए राष्ट्र सर्वोपरि और राष्ट्र प्रेम जैसी भावनाओं को अपने हृदय में आत्मसात करने के लिए अपील की और कहा महाराणा प्रताप ने मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं करते हुए यह साबित किया कि वे आम अवाम के सेवक थे यदि वे चाहते तो महलों में रहकर अपना जीवन व्यतीत कर सकते थे लेकिन उन्होंने आम अवाम के हित और अधिकारों तथा धर्म की रक्षा करने के लिए जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाई और सभी समाज को अपने गले से लगाए उसका एकमात्र प्रतीक यह भी है कि उनकी धर्म ध्वज के ऊपर एक तरफ उनका प्रतीक चिन्ह है दूसरी तरफ राणा पूजा जो कि भील थे उनका प्रतीक चिन्ह है इस प्रकार उन्होंने सभी समाज को अपने साथ लेकर आता ताइयों से युद्ध करते हुए युद्ध को जीता और अपने साम्राज्य को कायम रखा ।



## शिवगढ़ और पिपलौदा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, कुल 11 नमूने लिए गए

**रतलाम।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग रतलाम की टीम द्वारा जिले के शिवगढ़ एवं पिपलौदा क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु सघन कार्रवाई की गई। शिवगढ़ में घर पर कुल्फी निर्माण कर विक्रय किए जाने की सूचना पर टीम ने ओम साईं मावा कुल्फी, रतलाम रोड शिवगढ़ का निरीक्षण किया। यहां से कुल्फी, चोकोबार कुल्फी एवं मिल्क पाउडर के कुल ३ नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं गंगा आइसक्रीम जूस सेंटर से लस्सी एवं आमरस के 2 नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में साफ-सफाई नहीं पाई गई, जिस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किए गए। इसी क्रम में टीम ने पिपलौदा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ग्राम बोरखेड़ा स्थित कमलेश जाट की मावा भट्टी का निरीक्षण किया तथा मावे के २ नमूने लिए। इसके अलावा प्रजापत किराना एवं दूध डेयरी से मिक्स्ड दूध, बेसन, चावल, घी और पोहा के नमूने लिए गए। ग्राम हतनारा स्थित राका किराना से पारस देसी घी एवं आटे के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। जांच के दौरान प्रजापत किराना एवं राका किराना दोनों ही फर्म बिना खाद्य लाइसेंस संचालित पाई गईं। उनके विरुद्ध बिना लाइसेंस संचालन के प्रकरण दर्ज किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा एवं प्रीति मंडोरिया द्वारा की गई।

## कालाखेत से 28 साल पुराने साठिया डेरों का विस्थापन, प्रशासन ने नई जगह पर किया पुनर्वास

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले व्यावसायिक क्षेत्र कालाखेत में पिछले २८ वर्षों से काबिज साठिया समुदाय के विस्थापन की प्रक्रिया शनिवार को भारी पुलिस बल और प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई। लंबे समय से शहर के इस प्रमुख व्यापारिक केंद्र में अस्थायी डेरों में रह रहे साठिया समुदाय को अब शिवना रेलवे ब्रिज के पास एक नया स्थान उपलब्ध कराया गया है, जहाँ प्रशासन द्वारा उनके पुनर्वास की तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई की सुगबुगाहट शुक्रवार शाम से ही शुरू हो गई थी, जब प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर अपनी सतर्कता बढ़ा दी थी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के दल ने कालाखेत पहुँचकर वहां रह रहे परिवारों को अल्टीमेटम दिया था। हालांकि, समुदाय के कुछ लोगों ने सामान समेटने के लिए कुछ दिनों की मोहलत की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए शुक्रवार से ही स्वयं के संसाधनों और वाहनों के माध्यम से उनके गृहस्थी के सामान को व्यवस्थित रूप से नए स्थान पर पहुँचाने का कार्य शुरू कर दिया। विस्थापन के तुरंत बाद जेसीबी मशीनों की मदद से कालाखेत की खाली हुई भूमि को समतल कर उसे अतिक्रमण मुक्त किया गया।

इस पूरे अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए राजस्व विभाग, नगर पालिका का अमला और भारी पुलिस बल तैनात रहा। विस्थापन की प्रक्रिया में डंपर, जेसीबी और पुलिस वाहनों का बड़े स्तर पर उपयोग किया गया ताकि व्यवस्था बनी रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका के लिए शहर का प्रत्येक नागरिक और हर वर्ग समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वस्त किया कि साठिया समुदाय को जहाँ बसाया गया है, वहाँ नगर पालिका की ओर से पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का पूरा प्रबंध किया गया है ताकि उन्हें नए वातावरण में ढलने में कोई असुविधा न हो।

कालाखेत क्षेत्र को खाली कराए जाने के बाद अब वहां सफाई और व्यवस्थापन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। नगर पालिका का लक्ष्य इस प्रमुख बाजार को पूरी तरह व्यवस्थित करना है, जिससे स्थानीय दुकानदारों को व्यापार के लिए एक स्वच्छ और सुगम वातावरण मिल सके। प्रशासन की इस पहल से न केवल शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र का स्वरूप सुधरेगा, बल्कि वर्षों से अस्थायी रूप से रह रहे परिवारों को भी एक स्थायी और सुव्यवस्थित ठिकाना मिल गया है। आने वाले दिनों में कालाखेत मार्केट को पूरी तरह व्यवस्थित कर दिया जाएगा ताकि आमजन और व्यापारियों को आवागमन और व्यवसाय संचालन में किसी बाधा का सामना न करना पड़े।

## महाराणा प्रताप का इतिहास वीरता, शौर्य, त्याग,पराक्रम के लिए अमर है

### नगर कांग्रेस कमेटी ने वाहन रैली का किया जोरदार स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी






महाराणा प्रताप सिंह जी सिसोदिया राजवंश के राजा थे ।उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य,त्याग,पराक्रम ओर दृढ़ प्राण के लिए अमर है। उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा महाराणा प्रताप जी की जयंती पर प्रातः 10 बजे फुलेबा चौराहे पर राजपूत समाज द्वारा शनिवार को निकाली गई वाहन रैली का पुष्प वर्षा के जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर ।शर्मा ने आगे कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नही की ओर कई सालों तक संघर्ष किया अंततः अकबर महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहा।महाराणा प्रताप की नीतिया शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी।

इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा,नेता प्रतिपक्ष सरफराज मेव, वरिष्ठ कांग्रेसनेता अनिल बोराना, कमल परसिंधिया, भूपेंद्र महावर, किशनलाल चौहान,अनिता खोखर, दिलीप मोहनलाल गुप्ता, विष्णु ररोतिया,अनिल उस्ताद, छोटेलाल सैनी, पार्षद बाबू भाई मंसूरी,अशोक कोहली, रामप्रसाद फरक्या, भेरूपप्पू गुर्जर, भंवरलाल राठौर, जयराम राठौर, जयंतीलाल भंडारी, मदनलाल जाधव, राजेन्द्र मारसाब, राजेश शर्मा, रामप्रसाद पोरवाल, मोतीलाल जाधव आदि मौजूद थे।

इसी कड़ी में स्थानीय सकल ब्राह्मण समाज द्वारा कौशिक मेडिकल प्रतिष्ठान पर भी भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर पेंशनर संघ के अध्यक्ष तथा समाज के वरिष्ठ श्री पंकज शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डा के ही कौशिक, नागर ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, सुरेशचंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, डा बसंत शर्मा, योगेश शर्मा,हरिश भट्ट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



## शिवना शुद्धिकरण में श्रमदानियों ने निकाला चार ट्राली कचरा

**मन्दसौर।** शिवना नदी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर चल रहा शुद्धिकरण अभियान अपने 110वें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में विभिन्न पत्रकार संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और ग्रामीणों ने मिलकर नदी तट पर श्रमदान किया। सुबह 7 से 9 बजे के बीच चले इस अभियान में नदी से 4 ट्राली कचरा और प्लास्टिक गंदगी बाहर निकाली गई। साथ ही नदी की सुंदरता को प्रभावित कर रही गाजर घास और अवांछित वनस्पतियों को भी हटाया गया। विधायक विपिन जैन ने श्रमदानियों के जोश की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अब केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा उदाहरण बन गया है। उन्होंने सभी नगरवासियों से इस पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार संगठन, अहिरवार समाज और विभिन्न गांवों से आए गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## डिप्टी कलेक्टर श्री जैन ने किया नीमच में कचरा पॉइंटों का निरीक्षण

**न.पा.को दिन में दो बार कचरा उठाने के दिए निर्देश**

**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के साथ नीमच शहर के कचरा पॉइंट (कचरा संग्रहण केंद्रों) का निरीक्षण किया। डिप्टी कलेक्टर श्री जैन ने गोमाबाई रोड, ग्वाल टोली, डाक बंगले के पास तथा जिला चिकित्सालय रोड स्थित कचरा पॉइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुछ कचरा पॉइंटों पर गंदगी पाए जाने पर उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी को कचरा संग्रहण केंद्रों से प्रतिदिन दो बार सुबह-शाम कचरा उठवाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि कचरा प्रतिदिन उठवाया जा रहा है। इस पर श्री जैन ने व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए दिन में दो बार कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने को कहा।

## अवैध मेफेड्रोन लैब का भंडाफोड़- भारी मात्रा में ड्रग्स और उपकरण जब्त

**मन्दसौर।** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो राजस्थान की टीम ने मंदसौर जिले के तहसील दलौदा स्थित लसुड़िया इला गाँव के बाहरी इलाके में चल रही एक गुप्त मेफेड्रोन लैब का पदार्फाश किया है। 8 मई ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए सीबीएन चित्तौड़गढ़ के प्रथम, द्वितीय और तृतीय डिवीजन के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश यूनिट से भी मदद ली गई, जिसके बाद जावरा निवारक सेल की टीम तुरंत मौके पर पहुँची। पूरी जगह की सघन तलाशी के दौरान अधिकारियों ने मेफेड्रोन बनाने के छिपे हुए सेटअप को ढूंढ निकाला और उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। मौके से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की गई है, जिसमें 21.189 किलोग्राम मेफेड्रोन, 0.487 किलोग्राम अफीम और लगभग 30.800 लीटर विभिन्न रसायन शामिल हैं । इसके साथ ही ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों से भरे 10 बैग भी जब्त किए गए हैं । इस मामले में संलिप्त दो व्यक्तियों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है ।

## जिला उपभोक्ता न्यायालय द्वारा छात्रा को 1.15 लाख हर्जाना देने के आदेश

**मन्दसौर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग मंदसौर ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए शिक्षण संस्था और छात्र के बीच उपभोक्ता और सेवा प्रदाता के संबंध को मान्य किया है। यह मामला नीमच के आर.बी.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग से जुड़ा है, जहाँ संस्था की लापरवाही के कारण छात्रा यशोदा निनामा बीएससी नर्सिंग की परीक्षा देने से वंचित रह गई थी।आयोग ने छात्रा के अधिवक्ता श्याम बामनिया के तर्कों और साक्ष्यों से सहमत होते हुए माना कि शिक्षण संस्थान द्वारा छात्रा को परीक्षा से वंचित करना सेवा में गंभीर त्रुटि है। इस आधार पर न्यायालय ने संस्थान के विरुद्ध कुल 1 लाख 15 हजार रुपये का अवार्ड पारित किया है। इसमें छात्रा के दो साल के शैक्षणिक नुकसान के लिए 1 लाख रुपये, मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना के लिए 10 हजार रुपये और परिवाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपये शामिल हैं।

## साहित्यिक संस्था कृति ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई




**नीमच।** शहर की प्रमुख साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'कृति' द्वारा आज गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती (टैगोर जयंती) के अवसर पर उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया गया । संस्था के सदस्यों ने कविकुल गुरु को याद करते हुए उनकी ऑफिसर्स मैस, महावीर मार्ग स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके महान योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कृति संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रगान के रचयिता रवीन्द्रनाथ टैगोर भारत की एक ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने न केवल साहित्य बल्कि शिक्षा जगत को भी नई दिशा दी। शिक्षा दर्शन हेतु टैगोर ने शिक्षा में प्रकृति और खेलकूद के समावेश के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध गीतांजलि की रचना की और वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार थे। अपने साहित्य और शिक्षा के विजन के साथ उन्होंने शांति निकेतन की स्थापना की, जो आज दुनिया भर में विश्वभारती विश्वविद्यालय के नाम से विख्यात है। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने टैगोर जी की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर नमन किया ।



## भूसे का अवैध परिवहन जारी, ओवर लोडिंग से हो सकता है हादसा

**सारंगपुर।** जिले एवं क्षेत्र से चारे के परिवहन पर कडे निर्देश दिए जाने के बावजूद, नियमों की सरेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं। सडकों पर दौडते ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भूसे को क्षमता से कई गुना अधिक भरकर ऊंचे-ऊंचे पहाडों जैसा लाद दिया गया है। यह न केवल यातायात की दृष्टि से खतरनाक है, बल्कि खुले में इस तरह चारे का परिवहन हादसे का मुख्य जरिया बन सकता है। क्योंकि ओवरलोड भूसे के कारण पीछे से आने वाले वाहनों को रास्ता नहीं मिलता, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। स्थिति यह है कि हाईवे और मुख्य मार्गों पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इन वाहनों को नहीं रोका जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी और जांच के दावों के बीच ये वाहन बिना किसी रोक-टोक के निकल रहे हैं। यदि समय रहते इन अवैध परिवहन गतिविधियों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र में पशुओं के भूसो की स्थिति और भी भयावह हो सकती है। क्षेत्र की आम जनता और पशुपालकों की मांग है कि पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ऐसे वाहनों को जब्त करें और सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## केदारनाथ यात्रा पर रवाना हुआ सुसनेर का जत्था



**सुसनेर।** धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ शुक्रवार को सुसनेर से श्रद्धालुओं का जत्था बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व नगर स्थित श्रीखोडपति हनुमान मठ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगल कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। यात्रियों का विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह की टीम के द्वारा पुष्पमालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर स्वागत किया गया। सभी यात्रियों के सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में दीपक राठौर, महेश प्रजापत, राहुल सोलंकी, रवि टेलर, लक्की भाटी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान उपस्थित जनों ने बाबा केदारनाथ के जयकारों के साथ यात्रियों को विदाई दी। श्रद्धालुओं ने बताया कि केदारनाथ धाम की यात्रा उनके लिए आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष अवसर है। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक माहौल बना रहा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर दीपक भावसार, राकेश कानुडिया, शिव सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 के तहत शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों का सम्मान



**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं भवन गणना (एचएलबी) का कार्य प्रगणकों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक क्रमांक 0004 के प्रगणक नंदकिशोर नागर, ब्लॉक क्रमांक 0017 के प्रगणक संतोष जादमे एवं ब्लॉक क्रमांक 0020 के प्रगणक शिवलाल दांगी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण किया गया। उत्कृष्ट कार्य पूर्ण होने पर जनगणना चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ ओपी नागर द्वारा कार्यालय में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का सम्मान किया गया। इस दौरान एचएलबी 0004 के सुपरवाइजर पुनीत शुक्ला, एचएलबी 0020 के सुपरवाइजर गिरिराज पाटीदार तथा एचएलबी 0017 के सुपरवाइजर विक्रम मालवीय को भी बधाई दी गई। चार्ज अधिकारी ओपी नागर ने कहा कि जनगणना कार्य शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है तथा इसे पूरी जिम्मेदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा करना आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चितरंजन सिंह, नगर परिषद के कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वार्ड नं 3 में सीसी रोड का शुभारंभ किया



**खाचरौद।** नगर पालिका द्वारा निरंतर नगर का विकास कार्य जारी हैं। नगर में चहुओर विकास की गंगा बह रही हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका के सामने इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा द्वारा किया गया।उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा निरन्तर नगर विकास का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड 3 अंतर्गत आने वाली नगर पालिका के सामने की गली में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह पंवार के विशेष आतिथ्य में किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद दशरथ वाकतारिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, क्षेत्रवासी आनंदीलाल व्यास, संजय व्यास, राजेश भंडारी, बाबूलाल भटेवरा, प्रहलाद भरावा, इम्पीरियल स्कूल के जोशी सर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# पत्नी ने खाना बनाने में की देरी, तो कुदाली से वार कर पति ने उतार दिया मौत के घाट

### 48 घंटे में पुलिस का सनसनीखेज खुलासा, जांच टीम के अफसरों ने निभाई अहम भूमिका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

पुलिस ने लीमाचौहान थाना क्षेत्र के ग्राम घोंसला में हुई एक महिला की जघन्य हत्या के मामले का मात्र 48 घंटे के भीतर पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में मृतका के पति को ही हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामूली विवाद के बाद उपजे गुस्से ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड कर रख दिया।



#### यह है पूरा मामला

मामले का खुलासा सारंगपुर थाना परिसर में प्रेसवार्ता के दौरान एसडीओपी नेहा गोर ने बताया कि बीते 6 मई को थाना लीमाचौहान पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम घोंसला में सिद्धनाथ तंवर के घर में उनकी 50 वर्षीय पत्नी पुरी बाई की लाश खून से लथपथ पडी है। महिला के सिर और छाती पर गहरे घाव थे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देशन में तत्काल एक विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। इस मौके पर सुठालिया थाना प्रभारी अनिल राहोरिया और सहयोगी एसआई अमित त्यागी को जांच की कार्रवाई सौंपी गई। इस दौरान श्रीराहोरिया ने गहनता से जांच की और इस दौरान पुलिस को मृतका के पति सिद्धनाथ पर संदेह हुआ। पुलिस ने गौर किया कि मौके पर मौजूद बेटों के कपडों पर खून के निशान थे (जो शव को संभालने के कारण आए थे), लेकिन जिस पति ने सबसे पहले शव देखने का दावा किया, उसके कपडे पूरी तरह साफ थे। पूछताछ में सिद्धनाथ बार-बार अपने बयान बदल रहा था, जिससे संदेह और गहरा गया।



#### खून के धब्बों ने खोली पति के झूठ की पोल

जांच अधिकारी राहोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हमने घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर एक नाले के पास पत्थरों पर खून के धब्बे बरामद किए। जब सिद्धनाथ से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

#### हत्या की चौंकाने वाली वजह

राहोरिया ने बताया कि आरोपित सिद्धनाथ (60 वर्ष) ने बताया कि घटना वाले दिन उसने पत्नी से खाना बनाने को कहा था। पत्नी ने थकान का हवाला देकर थोडी देर बाद खाना बनाने की बात कही, जिससे सिद्धनाथ आगबबूला हो गया। विवाद इतना बढा कि उसने पहले पत्नी को धक्का दिया और फिर घर में रखी कुदाली से उसके सिर और छाती पर ताबडतोड वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद वह नाले पर जाकर अपना खून साफ कर आया और घर लौटकर रोने-बिलखने का नाटक करने लगा ताकि किसी को शक न हो।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए एसडीओपी नेहा गौर ने बताया कि मामले में थाना प्रभारी सुठालिया अनिल राहोरिया, उनि अमित त्यागी सारंगपुर, उनि सुगनलाल धुर्वे लीमाचौहान, एएसआई आनंदीलाल भिलाला, भेरूलाल दांगी, राधेश्याम दांगी, प्रआर अमित रघुवंशी, आकाश चौरसिया, आरक्षक राधारमण मीणा, विक्रमसिंह, रामकारण, रामगोपाल, अजय जाट, पंकज चौखटिया एवं राकेश चोखटिया सहित साइबर सेल आरक्षक सुमित दोहरे और पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की मुख्य भूमिका रही। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस दौरान थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, दीपक परमार सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### एनएच-52 पर चतरूखेड़ी के यात्री बेहाल :

# यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में चिल-चिलाती धूप में खड़े होने को मजबूर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 52 (एनएच-52) पर स्थित ग्राम चतरूखेड़ी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। गाँव के मुख्य बस स्टॉप पर एक भी यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यहाँ से आवागमन करने वाले सैकड़ों यात्रियों को भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में घंटों खड़ा रहना पड़ता है।



#### धूप और लू का सितम

वर्तमान में तापमान में हो रही बढ़ोतरी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। चतरूखेड़ी स्टॉप पर यात्री बस या अन्य साधनों के इंतजार में सड़क किनारे खड़े रहते हैं। यहाँ न तो बैठने की कोई व्यवस्था है और न ही सिर छुपाने के लिए कोई शेड। बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय हो जाती है, जिन्हें चिलचिलाती धूप में बस का इंतजार करना पड़ता है।

#### स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश

स्थानीय निवासी अफसर, इब्राहिम, नौशाद, दाऊद, अरमान और अन्य ग्रामीणों का कहना है कि एनएच-52 एक व्यस्त राजमार्ग है, जहाँ से दिन भर में सैकड़ों बसें और वाहन गुजरते हैं। बावजूद इसके प्रशासन और संबंधित विभाग ने यहाँ यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय बनाने की जहमत नहीं उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, क्योंकि भीगने से बचने के लिए आस-पास कोई पक्की जगह नहीं है। यात्रियों को मजबूरी में सड़क किनारे स्थित पेड़ों का सहारा लेना पड़ता है, जो कि बस स्टॉप से दूर हैं।

#### ग्रामीणों ने की प्रशासन से मांग

चतरूखेड़ी के ग्रामीणों और नियमित यात्रियों ने ग्राम पंचायत एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि यहाँ जल्द से जल्द एक आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए। साथ ही, पीने के पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि यात्रियों को इस भीषण गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

#### इनका कहना है

सड़कें तो चौड़ी हो गईं, लेकिन यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को भुला दिया गया है। धूप में खड़े रहकर बस का इंतजार करना किसी सजा से कम नहीं है।

**दाऊद खान, स्थानीय निवासी।**

हम यात्रियों की तकलीफ समझ रहे हैं। हाईवे अथॉरिटी से समन्वय बिठाकर जल्द ही यहाँ प्रतीक्षालय बनवाने का प्रयास किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को धूप में न तपना पड़े।

**राकेश अटनेरिया, सचिव, ग्राम पंचायत चतरुखेड़ी।**

## अंधे कत्ल का खुलासा- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने जिले में घटित गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ श्रीमति मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनेश सिरोठिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। फरियादी रामप्रसाद वाल्मिकी पिता मुंशीलाल वाल्मिकी निवासी मलावर ने थाना उपस्थित होकर अपने पुत्र गोलू वाल्मिकी के अचानक लापता हो जाने की सूचना दी। फरियादी ने बताया कि उसका पुत्र घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा, जिस पर थाना मलावर में गुम इंसान क्रमांक 13/26 कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही रघुवीर सिंह पिता लालजीराम सौंधिया की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पुलिस ने संदेही से सख्ती एवं वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते गोलू वाल्मिकी की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसने दोपहर लगभग 1 बजे कमल दांगी के खेत के पास स्थित अरन्या नाले में गमछे से गला दबाकर हत्या कर शव को छिपा दिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया, जहां अरन्या नाले से मानव कंकाल बरामद किया। मृतक की पहचान उसके पिता ने पहने हुए कपड़ों के आधार पर की। इस पर थाना मलावर में मर्ग क्रमांक 06/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान मामला हत्या का पाए जाने पर थाना मलावर में अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रघुवीर सिंह सौंधिया को गिरफ्तार कर न्यायालय राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण की विवेचना जारी है।

### नरसिंहगढ़ पुलिस की कार्यवाही, 15 लाख रु. का माल किया जप्त

# दिनदहाड़े सूने मकानों में चोरी करने वाली पारदी गैंग का किया पर्दाफाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दिनदहाड़े सूने मकानों में चोरी करने वाले 03 शातिर चोरों एवं चोरी के माल को ठिकाने लगाने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 05 तोला सोना, लगभग 1 किलो 500 ग्राम चांदी, एक बाइक, एक मोटरसाइकिल एवं नगद राशि सहित कुल लगभग 15 लाख रु का माल जप्त किया है।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ उ.नि. गुंजा सोलंकी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने उक्त चोरी का पदार्फाश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गजराज लववंशी किसी कार्य से सुबह घर से बाहर गए हुए थे। शाम को वापस लौटने पर घर के बाहर का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले एवं सामान बिखरा पड़ा था। गोदरेज अलमारी खुली हुई मिली, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।



थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 186/26 धारा 331(4), 305(अ) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी डेटा का गहन विश्लेषण कर निरंतर प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप घटना में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में यह भी सामने आया कि लगभग तीन माह पूर्व ग्राम देवगढ़ में हुई चोरी की वारदात को भी इसी गैंग ने अंजाम दिया गया था, जिसमें थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 41/26 पंजीबद्ध है।

आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त की गई। चोरी गई चांदी के आभूषण कुल वजन लगभग 1.5 किलोग्राम, कीमत लगभग 4 लाख रु, चोरी हुए सोने के आभूषण कुल वजन लगभग 05 तोला, कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रु, नगद राशि 55 हजार रु, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत लगभग 95 हजार रु. जप्त किए एक बाइक जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रु.

कुल माल जप्त लगभग 15 लाख रु जप्त कर आरोपी नारायण पिता आसमान पारदी 20 वर्ष, निवासी कटरा हिल्स, भोपाल, जोगेश पिता कमलेश पारदी 20 वर्ष, निवासी थाना बैरसिया, जिला भोपाल, इंद्रराज पिता कुंअर सिंह पारदी 24 वर्ष, निवासी थाना अनंतपुर, जिला विदिशा, कमलेश पिता जेलर पारदी 50 वर्ष, निवासी थाना बैरसिया को गिरफ्तार किया। उक्त गैंग दिनदहाड़े सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करती थी तथा घटनास्थल पर ऐसे साक्ष्य छोड़ती थी जिससे फरियादी को आसपास के लोगों पर संदेह हो। आरोपी मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। उत्तराखंड में भी इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 236/25 धारा 305(अ), 317(2), 3 (5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज है।



## पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन आजीविका भवन राजगढ़ में किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी आतिश कुमार राउत महाप्रबंधक, बृज लाल गुप्ता सर्कल हेड उज्जैन और विशाल यादव उप सर्कल हेड उज्जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 15 स्वीकृति पत्र) वितरित किए गए, जिनकी कुल राशि 2 करोड़ रुपये थी।

## राजगढ़ जिला प्रभारी मंत्री कश्यप ने की गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन कश्यप ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित गेहूं उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर परिवहन व्यवस्था को और अधिक गति दी जाए तथा उपार्जित गेहूं का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रभारी मंत्री कश्यप ने कहा कि एसडीएम स्तर पर प्रतिदिन एक खरीदी केंद्र में 50 स्लॉट परिवर्तन किए जा सकते हैं। इस व्यवस्था की जानकारी किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सुविधा मिल सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने का आग्रह किया तथा उनके सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री कश्यप ने यह भी निर्देश दिए कि जिन वेयरहाउसों की क्षमता पूर्ण हो चुकी है, वहां संग्रहित गेहूं को अन्य स्थानों पर शिफ्ट कर शीघ्र नए स्थानों पर खरीदी कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि उपार्जन कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ



**सुसनेर।** नगर में फूल माली समाज द्वारा नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर नगरभर में उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। समाजजनों के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी आयोजन में शामिल हुए। मुख्य बाजार के कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कलश यात्रा का स्वागत किया एवं धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। कलश यात्रा का शुभारंभ मेला ग्राउंड श्री नाथ जी कुटिया से हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य बाजार से होते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले मालीपुरा धर्मशाला पहुंची। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जिससे पूरा नगर भक्तिरस में डूबा नजर आया।

#### श्रद्धा और भक्ति का संगम:

## बाबा केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा पर रवाना हुए जत्था



**सारंगपुर।** देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र वादियों में इन दिनों चारधाम यात्रा का उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में सारंगपुर के श्रद्धालुओं का जत्थे ने बाबा केदारनाथ और बद्री नाथ के दर्शन करने के लिए अपनी आध्यात्मिक यात्रा को सफलतापूर्वक आरंभ किया है। यात्रा की शुरूआत में सारंगपुर के समाजसेवी महेश पाटीदार ने बताया कि बाबा केदारनाथ के दर पर हाजिरी लगाई जाएगी। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक की कठिन चढ़ाई को उनके साथी यात्री अदम्य साहस और शिव भक्ति के साथ पूरा करेंगे। महेश ने बताया कि मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित केदारनाथ मंदिर की दिव्यता और वहां की शीतल हवाओं का आनंद लिया जाएगा और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ बाबा का जलाभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की जाएगी। वहीं भगवान विष्णु के आठवें वैकुंठ बद्रीनाथ धाम पहुंचकर दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मात्र एक भ्रमण नहीं, बल्कि स्वयं से साक्षात्कार का अवसर है। इस मौके पर सरिता पाटीदार, गुंजन सोनी, लता सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिना शराब पिए सो नहीं पाती थीं नीतू कपूर



एक्ट्रेस नीतू कपूर ने हाल ही में उनके पति ऋषि कपूर के निधन के बाद के कठिन दौर पर बात की। सोहा अली खान के पॉडकास्ट में नीतू ने बताया कि 2020 में ऋषि कपूर के निधन के बाद वह मेंटली ब्रेकडाउन हो गई थीं।

उन्होंने बताया कि ऋषि कपूर के निधन के बाद वह कई महीनों तक रातभर जागती रहती थीं। कई बार पूरी रात नींद नहीं आती थी। धीरे-धीरे हालत ऐसी हो गई कि बिना शराब पिए उन्हें नींद नहीं आती थी।

पॉडकास्ट में नीतू बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ मौजूद थीं। बातचीत में नीतू ने कहा कि लोग उन्हें गलत समझ रहे थे। जब उन्होंने टीवी शो और फिल्मों में वापसी की, तो सोशल मीडिया पर कई लोगों ने कहा कि पति के निधन के तुरंत बाद वह काम पर लौट आईं। इस बात ने उन्हें बहुत दुख पहुंचाया। नीतू ने कहा कि लोग उनकी मजबूरी नहीं समझ पाए। वह खुद को संभालने और दर्द से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थीं। उन्होंने कहा कि फिल्म जुग जुग जियो की शूटिंग के दौरान वह काफी नर्वस थीं, लेकिन इसी अनुभव ने उन्हें फिर से मजबूत बनने में मदद की। ऋषि कपूर और नीतू कपूर की शादी 22 जनवरी 1980 को हुई थी। दोनों ने 1970 और 1980 के दशक में कई फिल्मों में साथ काम किया। उनके दो बच्चे रिद्धिमा और रणबीर हैं। ऋषि कपूर को 2018 में ल्यूकेमिया होने का पता चला था। इलाज के लिए उन्होंने न्यूयॉर्क में करीब एक साल बिताया। भारत लौटने के बाद भी उन्होंने कुछ फिल्मों में काम किया, लेकिन तबीयत बिगड़ने के कारण दिसंबर 2019 में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। 30 अप्रैल 2020 को 67 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।



# आलिया को घिरता देख रणबीर पैपराजी पर भड़के



## स्क्रीनिंग के बाहर धक्का-मुक्की बढ़ी तो नाराज दिखे, फोटोग्राफर्स को पीछे हटाया

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर एक बार फिर वायरल वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। इस बार मामला पैपराजी से जुड़ा है। मुंबई में फिल्म दादी की शादी की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान रणबीर फोटोग्राफर्स पर नाराज नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रणबीर पत्नी आलिया भट्ट के साथ स्क्रीनिंग में पहुंचे थे। यह इवेंट उनकी मां नीतू कपूर की फिल्म दादी की शादी के लिए रखा गया था। जैसे ही दोनों वेन्यू से बाहर निकले, पैपराजी ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। वीडियो में भीड़ और कैमरों की धक्का-मुक्की से रणबीर असहज दिखे। वायरल क्लिप में रणबीर पैपराजी से पीछे हटने और दूरी बनाए रखने को कहते दिख रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि अभिनेता ने आपा खो दिया। कई फैंस का मानना है कि रणबीर आलिया को भीड़ से बचाने की कोशिश कर रहे थे। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं हैं। कई यूजर्स ने रणबीर का समर्थन करते हुए लिखा कि सेलिब्रिटीज की भी पर्सनल स्पेस होती है और पैपराजी को सीमाएं समझनी चाहिए। कुछ लोगों ने अभिनेता के व्यवहार को ओवररिएक्शन बताया। यह स्क्रीनिंग फिल्म ह्यदादी की शादीह्ल की रिलीज से पहले रखी गई थी। इसमें कपूर परिवार के कई सदस्य शामिल हुए। इवेंट में रणबीर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी भी नजर आईं। कई बॉलीवुड सितारों ने भी स्क्रीनिंग में शिरकत की।

## राका में किरदार ही बनेगा फिल्म की पहचान

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा और पुष्पा 2: द रूल ने जिस तरह देशभर में रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की, उसके बाद अब उनकी अगली फिल्म ह्यराकाह्ल को लेकर भी जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। खास बात यह है कि इस बार भी फिल्म का टाइटल सीधे अल्लू अर्जुन के किरदार के नाम पर रखा गया है। इंडस्ट्री में इसे एक सोची-समझी रणनीति माना जा रहा है, जहां स्टार की स्क्रीन इमेज को ही फिल्म की सबसे बड़ी ब्रांडिंग बनाया जा रहा है। निर्देशक एटली की इस मेगा बजट फिल्म में दीपिका पादुकोण भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। सूत्रों के मुताबिक, पुष्पा की सफलता के बाद मेकर्स ने यह समझ लिया कि अल्लू के किरदार सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं रहते, बल्कि खुद एक कल्ट पहचान बन जाते हैं। यही वजह है कि ह्यराकाह्ल में भी किरदार के नाम को ही फिल्म का टाइटल बनाया गया है, ताकि दर्शकों के बीच सीधा कनेक्शन तैयार हो सके।



## 'स्टूडियो के बाहर बैठकर रो रही थीं मोना कपूर'


सिंगर जसपिंदर नरूला ने फिल्म जुदाई के गाने मुझे एक पल चैन ना आए से बॉलीवुड में पहचान बनाई थी। हाल ही में सिंगर ने बताया कि गाने के रिकॉर्डिंग के दौरान ही मोना कपूर को श्रीदेवी और बोनी कपूर के रिश्ते के बारे में पता चला था, जिसके बाद वह स्टूडियो के बाहर रो रही थीं। इस फिल्म में श्रीदेवी, अनिल कपूर और उर्मिला मातोंडकर नजर आए थे। हाल ही में बॉलीवुड ठिकाना को दिए इंटरव्यू में जसपिंदर नरूला ने बताया कि बाद में जब उनकी दोस्ती बोनी कपूर की पहली पत्नी मोना कपूर से हुई, तब उन्हें उस दौर की कई बातें पता चलीं। जसपिंदर ने बताया, ह्यमोना कपूर ने मुझसे कहा था कि तुम अंदर गाना गा रही थीं और मैं सुपर साउंड स्टूडियो की सीढ़ियों पर बैठकर रो रही थी। उसी समय मुझे सब कुछ पता चला था। बोनी कपूर और मोना कपूर के दो बच्चे अर्जुन कपूर और अंशुला कपूर हैं। मोना कपूर का 2012 में कैंसर के कारण निधन हो गया था। वहीं बोनी और श्रीदेवी की दो बेटियां जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर हैं। श्रीदेवी का 2018 में दुबई में निधन हो गया था।




### कैपिटल्स की पांचवी हार, प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म

# फिरकी के बाद फिन ने दिल्ली को रौंदा

### एलेन का शतक, अनुकूल-नरेन ने लिए तीन विकेट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फिर वही काली मिट्टी की नंबर 6 पिच, दिल्ली कैपिटल्स की पहले बल्लेबाजी, कोलकाता के स्पिनरों का बोलबाला और फिन एलेन का बेरहमी से लगाया नाबाद शतक। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में ये चार बातें मुकाबले का रुख तय कर गईं। दिल्ली न सिर्फ आठ विकेट से एकतरफा हारी बल्कि प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें भी लगभग खत्म कर लीं। यह दिल्ली की घर में लगातार पांचवी हार है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय और सुनील नरेन की स्पिन तिकड़ी के सामने दिल्ली ने हथियार डाल दिए और आठ विकेट पर महज 142 रन ही बना सकी। इसके उलट जब दिल्ली की गेंदबाजी आई तो उसके तीनों स्पिनरों कुलदीप, विपरज और अक्षर को एलेन ने तबाह कर दिया। उन्होंने महज 47 गेंदों पर 100 रन जड़ दिए। उन्होंने छक्के के साथ शतक पूरा किया साथ ही महज 15वें ओवर में जीत भी दिला दी। कोलकाता के लिए यह किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है।

उन्होंने ग्रीन (नाबाद 33) के साथ 64 गेंद पर अटूट 116 रनों की साझेदारी की। कोलकाता की यह लगातार चौथी जीत है जो उसके लिए संजीवनी जैसी है, हालांकि सफर अभी भी कठिन है। एलेन की बल्लेबाजी के अलावा जिस बात ने सबसे बड़ा अंतर पैदा किया वह है दोनों टीमों के स्पिनरों का प्रदर्शन।

कोलकाता की स्पिन तिकड़ी ने 12 ओवर में महज 6.3 के औसत से 76 रन दिए। जबकि दिल्ली के स्पिनरों ने नौ ओवरों में 102 रन लुटा दिए, दिल्ली के कप्तान अक्षर ने भी माना कि स्पिनरों से गलतियां हुईं जिसकी वजह से मैच नहीं बन सका।

दिल्ली यहां पिछले चार मैच भी पहले खेलकर हारी थी। शायद यही वजह थी कि कोलकाता के कप्तान रहाणे ने टॉस जीतते ही गेंदबाजी चुन ली। अक्षर से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा, कोई फर्क नहीं पड़ता पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी। मगर वह अच्छे से जानते थे कि यहां पहले बल्लेबाजी उन्हें भारी पड़ रही है। हुआ भी बिल्कुल वही।

दिल्ली पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट पर 55 रन बनाकर ठीक-ठाक स्थिति में थी। पहला विकेट कार्तिक ने पांचवें ओवर में लिया, जब उनकी करीब 146 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार वाली गेंद को उड़ाने के चक्कर में केएल राहुल ऊंचा शॉट खेल बैठे और मिड ऑन पर खड़े ग्रीन ने कोई गलती नहीं की।

## बेटियां पहली बार एशिया कप के अंतिम-8 में

एजेंसी ▸▸ सुझोउ

बेटियों ने शुक्रवार को पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने अपने आखिरी ग्रुप बी मुकाबले में लेबनान को 4-0 से हराया।

भारत का क्वार्टर में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे आखिरी मैच 12 या ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर



अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के (माइनस 13) से ज्यादा है।

**प्रीतिका के दो गोल :** भारत की ओर से प्रीतिका बर्मन ने छठे और 85वें मिनट में दो गोल दागे। अल्वा देवी सेंजाम ने 36वें मिनट और जया ने 72वें मिनट में गोल कर टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि के करीब पहुंचा दिया था।

**अब चीन से टक्कर :** अब भारत का सामना सोमवार को मेजबान चीन से होगा, जो ग्रुप ए में नौ अंक के साथ शीर्ष पर है। इसमें जीत से भारत को 2026 अंडर-17 महिला विश्व कप का टिकट मिल जाएगा।

### पदक की उम्मीद कायम

**शंघाई।** रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के सेमीफाइनल में पहुंच पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

ए-वन मेरिज ब्यूरो
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 786747322

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### रोड पर अतिक्रमण को लेकर द्वारकापुरी में दो पक्षों में चले लात-घूंसे

**इंदौर।** रोड पर अतिक्रमण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कहासुनी इतनी बढ़ी कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना द्वारकापुरी इलाके की गणेश मंदिर वाली गली की है, जहां गुरुवार को यह विवाद हुआ था। सामने आए वीडियो में दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा और चीख-पुकार दिखाई दे रही है। लोग हाथों में डंडे और पाइप लेकर एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। महिलाओं के साथ भी झूमाझटकी की गई। वहीं, डंडे से एक युवक का गला दबाने की कोशिश भी की गई। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर कुछ लोगों को राउंडअप किया है। एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी ने बताया कि द्वारकापुरी की एक कॉलोनी में रोड चौड़ीकरण को लेकर विवाद हुआ था। एक पक्ष सड़क चौड़ी करने की मांग कर रहा था, जबकि दूसरे पक्ष पर बिल्डिंग बनाकर अतिक्रमण करने के आरोप लगे हैं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। द्वारकापुरी टीआई मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले में दो पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें लक्की बिंजवा की शिकायत पर धीरज और गिरीश के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं धीरज बिंजवा की शिकायत सुनील, लक्की और अभिषेक के खिलाफ कायमी की है। मामले में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। यहां पर रोड के चौड़ीकरण को लेकर विवाद की स्थिति बनी। लक्की रोड चौड़ीकरण के पक्ष में था। निगम की टीम जाने के बाद लक्की ने सामने वाले पक्ष से रोड चौड़ीकरण को लेकर सहयोग की बात कहीं। वहीं दूसरे पक्ष ने इस बात से इनकार कर दिया। जिसके बाद यह घटनाक्रम हुआ। दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को चोट लगी है।

### साढ़े तीन करोड़ के वाटर प्लांट कहां हुए गायब, हाईकोर्ट ने अधिकारियों को किया तलब

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लगाए गए पेयजल वाटर प्लांटों के गायब होने और उनके संचालन बंद होने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य और नगर प्रशासन से पूछा है कि करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए वाटर प्लांट आखिर कहां गए। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डबल बेंच ने की। याचिकाकर्ता व पूर्व पार्षद महेश गर्ग की ओर से एडवोकेट मनीष यादव और शोभित गुप्ता ने पक्ष रखा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूर्व परिषद द्वारा करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर जनता को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वाटर प्लांट लगाए गए थे। इन वाटर यूनिट्स के रखरखाव और नियमित जांच की जिम्मेदारी भी तय की गई थी। शुरूआत में ये मशीनें शहर के कई प्रमुख स्थानों पर दिखाई दीं, लेकिन बाद में इनका संचालन बंद हो गया और अब इनका कोई पता नहीं हैं। एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि भीषण गर्मी के दौर में शहरवासियों को पीने के पानी की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल रही है और लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ऐसे में जनता के पैसे से लगाए गए वाटर प्लांटों का गायब होना गंभीर विषय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन विभाग, इंदौर नगर निगम कमिश्नर, कार्यपालन यंत्री नर्मदा जल वितरण विभाग और स्मार्ट सिटी के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 15 जून को होगी।

### प्रेम-प्रसंग में शादी टूटने पर युवती के भाई ने युवक का अपहरण किया

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक के अपहरण के मामले में पुलिस ने युवती के भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया, जिसके बाद पुलिस उसे लेकर उज्जैन पहुंची है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, नायता मुंडला निवासी फिरोज पटेल का उज्जैन निवासी एक युवती से प्रेम संबंध था। दोनों के परिवारों के बीच शादी की बात भी तय हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि फिरोज ने शादी को लेकर युवती के परिजनों को एक गार्डन में बुलाया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। इसके बाद युवती पक्ष को लगा कि फिरोज ने शादी से पीछे हटकर उन्हें धोखा दिया है। इसी बात से नाराज होकर युवती के भाई भावेश यादविक ने अपने साथियों के साथ मिलकर फिरोज का अपहरण कर लिया। आरोप है कि आरोपी जबरन फिरोज को कार में बैठाकर उज्जैन ले जा रहे थे। इस दौरान फिरोज के एक परिचित ने घटना देख ली और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस ने बरोली टोल नाके पर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी भावेश यादविक को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी फिरोज को उज्जैन ले जाकर शादी कराने की तैयारी में थे। फिलहाल पुलिस ने युवती के भाई और उसके साथियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### चोर पान की दुकान से सिगरेट-पान मसाला और नगदी ले गए

**इंदौर।** कनाडिया इलाके में एक पान दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोर पेड़ से ऊपर चढ़े और दुकान की चादर हटाकर वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने दुकान से सिगरेट, पान मसाला, नगदी सहित अन्य सामान ले गए। संचालक ने पुलिस में शिकायत की है। कनाडिया पुलिस के मुताबिक भवानी (46) पिता उम्मेद सिंह निवासी संपत्त हिल बिचौली मर्दाना की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी रजवाड़ी पान के नाम से दुकान है। शुक्रवार को चोरों ने यहां वारदात को अंजाम दिया। टीआई सहर्ष यादव ने बताया कि दुकान के पास में ही पेड़ है जहां से चोर ऊपर चढ़ा और दुकान की चादर हटाकर दुकान में घुस गया और चोरी कर ले गया। आरोपी दुकान से 1 लाख 6 हजार से ज्यादा की सिगरेट, वहीं 37 हजार से ज्यादा के पान मसाला व 27 हजार से ज्यादा का अन्य सामान और 22 से 25 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### पुलिस ने मॉल्स का किया सिक्योरिटी ऑडिट, बताया संदिग्ध को कैसे पहचानें



**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में आने वाले सी-21 मॉल और मल्हार मॉल में पुलिस ने शनिवार को सिक्योरिटी ऑडिट किया। यहां सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और क्राइम कंट्रोल करने के लिए एसीपी विजय नगर पराग सैनी और टीआई चंद्रकांत पटेल के नेतृत्व में विजय नगर पुलिस टीम ने मॉल की सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की। इस दौरान उन्हें पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कंधे से कंधा मिलकर काम करने के लिए ट्रेनिंग दी गई। मॉल परिसर में इमरजेंसी नंबर डिस्प्ले करवाए गए और जागरूकता के लिए पर्चे भी चस्पा किए, जिससे आम जनता और सुरक्षाकर्मियों में सर्तकता बढ़ाई जा सके। इस पहल का उद्देश्य मॉल परिसर को सुरक्षित बनाते हुए क्राइम पर प्रभावी कंट्रोल करना है। टीम ने में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। इस दौरान टीम ने मॉल्स के सीसीटीवी कंट्रोल रूम में कैमरों की स्थिति भी देखी। साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

### क्राइम ब्रांच ने राजपाल के एक और साथी को पकड़ा, बिल्डिरों की रैकी की थी

# लारेंस विश्नोई गैंग धमकी मामले में एक और गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में लारेंस गैंग द्वारा बिल्डिरों को धमकियां देने के मामले में क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बिल्डिरों के घर, ऑफिस, प्रॉपर्टी के साथ ही उनके आने-जाने की लोकेशन की रैकी की थी और ये जानकारी आगे उपलब्ध कराई थी। बता दें कि इन बिल्डरों को वाट्सएप और कॉल करके धमकी दी गई थी और उनसे रुपयों की मांग की गई थी। पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया था।

डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। टीम को जानकारी मिली थी कि आरोपी राजपाल कसरावद जेल में बंद है और उसके हैरी बॉक्सर से संबंध हैं। इसके बाद राजपाल से पूछताछ की तो उसने सोनू उर्फ रितेश के बारे में बताया था। जिसने रैकी की कोशिश की थी, जिसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा की जानकारी मिली थी। पूछताछ में ये सामने आया है कि आरोपी आपस में वाट्सएप के जरिए बात करते थे और हैरी बॉक्सर से एप के माध्यम से बात करते थे। सचिन के मोबाइल में कई ग्रुप मिले हैं जो लारेंस गैंग से संबंधित हैं। बहुत सारे कोर्ड नेम 007 के नाम से मिले हैं, एलबी यानी लारेंस विश्नोई। डीसीपी ने बताया कि इस मामले में कुछ देवास और इंदौर के लोगों के शामिल होने की आशंका है। इनमें छानबीन जारी है। इंदौर में क्या प्लानिंग थी, इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।



गिरफ्तार किए गए आरोपी राजपाल निवासी नागदा को इंदौर के बिजनेसमैन विवेक दम्मानी, चेतन सिंह पंवार और कुंवर सिंह भूरिया के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने वाले आरोपी सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा निवासी उज्जैन को

#### तीन दिन चली आरोपी से पूछताछ

उन्होंने बताया कि आरोपी सचिन की जानकारी राजपाल की निशानदेही पर मिली, जिससे आरोपी सचिन को सायबर तकनीक और मुखबीर तंत्र की सूचना के आधार पर ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया। सचिन को महिदपुर से बुलवाया गया और उससे तीन दिन तक गहन पूछताछ की गई। इसमें वह कई बातें छिपाने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में बताया कि उसने अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से आरोपी राजपाल चंद्रावत को बिल्डर विवेक दम्मानी, चेतन सिंह पंवार और कुंवर सिंह भूरिया के घर, ऑफिस और प्रॉपर्टी की और उनके आने-जाने की लोकेशन की रैकी कर जानकारी खुद आरोपी सचिन व कुलदीप ने राजपाल को दी थी, जो आगे सिग्नल एप के माध्यम से हैरी बॉक्सर को भेजी गई थी। सचिन का पुलिस रिमांड लेकर उससे आगे की पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा निवासी महीदपुर जिला उज्जैन, राजपाल चंद्रावत निवासी नागदा और सोनू उर्फ रितेश खंगार निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ट्रैक्टर चलाकर शहर के व्यस्ततम चौराहे तक पहुंचा, नशा इतना की बैठा भी नहीं जा रहा था

## नशे में धुत ड्राइवर रोड पर दौड़ा रहा था ट्रैक्टर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को एक ऐसे ट्रैक्टर चालक को पकड़ा, जो नशे में धुत होकर भी ट्रैक्टर चला रहा था। खास बात तो यह है कि उसके साथ के दोनों लोग भी इसी हालत में थे। ड्राइवर की हालत ऐसी थी कि वह ठीक से बैठ भी नहीं पा रहा था और ट्रैक्टर चलाते हुए शहर के व्यस्ततम चौराहे पर पहुंच गया।

अगर ट्रैफिक पुलिस नहीं रोकती तो कोई हादसा हो सकता था। ट्रैफिक पुलिस ने जब उसे ट्रैक्टर से नीचे उतारा वह डिवाइडर पर जाकर लेट गया। बाद में उसे भंवरकुआं थाने भेजा। शनिवार को मामले का वीडियो सामने आया है।

दरअसल, ये घटनाक्रम शहर के व्यस्ततम नवलखा चौराहे का है। यहां पर ट्रैफिक पुलिस ड्यूटी पर थी। तभी अचानक वहां अग्रसेन चौराहे की तरफ से एक ट्रैक्टर चालक लहराते हुए आया। स्थिति की गंभीरता को देखते एएसआई अनिल चौहान और उनकी टीम ने तुरंत ही ट्रैक्टर को रुकवाया।




ड्राइवर की स्थिति ऐसी थी कि उसे सामान्य रूप से बैठा भी नहीं जा रहा था। उसके साथ दो लोग और बैठे थे, वे भी नशे की हालत में थे। जिसके बाद ट्रैक्टर चालक को ट्रैफिक पुलिस ने नीचे उतारा, बाद में वह डिवाइडर पर ही लेट गया। ट्रैफिक पुलिस ने भंवरकुआं बीट को सूचना दी और कार्रवाई के लिए ट्रैक्टर और चालक को थाने भेज दिया। देखा जाए तो अगर पुलिस उसे नहीं रोकती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

#### ट्रैक्टर पर लिखा नगर निगम के काम हेतु

पुलिस ने जब ट्रैक्टर को चेक किया तो उसके आगे एक प्लेट लगी थी, जिस पर लिखा था इंदौर नगर निगम पालिका कार्य हेतु, आज्ञा से जोनल अधिकारी झोन 12। हालांकि पुलिस जांच कर रही है कि ट्रैक्टर अटैच है या नहीं। देखा जाए तो अगर ट्रैक्टर नगर निगम से अटैच है तो ये भी एक बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

## जटिल सर्जरी कर निकाला 17 इंच का कैंसर ट्यूमर



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 50 वर्षीय व्यक्ति की जटिल और दुर्लभ कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। मरीज पिछले करीब डेढ़ दो साल से छाती में बढ़ रहे ट्यूमर से परेशान था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह समय पर ऑपरेशन नहीं करा सका, जिससे कैंसर तेजी से फैलकर फेफड़े, डायफ्राम, लिवर और किडनी तक पहुंच गया। हालत इतनी गंभीर हो चुकी थी कि चार अस्पतालों ने सर्जरी करने से इनकार कर दिया था। मरीज जुलवानिया का निवासी है। उसे लगातार दर्द रहता था और सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी थी। भारी ट्यूमर के कारण चलना-फिरना और रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल हो गया था। पिछले सप्ताह उसने इंडेक्स मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज कराया। सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. अमित कटलाना ने बताया कि मरीज को सारकोमा प्रकार का कैंसर था, जो शरीर की मांसपेशियों और टिश्यू में विकसित होता है।

## 6 पोकलेन मशीनों से हो रही तालाब चैनलों की सफाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिक निगम इंदौर शहर में बारिश के पानी के संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख तालाबों में बारिश के पानी की आवक बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जल चैनलों की सफाई और गहरीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। रोजाना 6 पोकलेन मशीनों से चैनलों की सफाई, मिट्टी हटाने और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को अधिक से अधिक मात्रा में तालाबों तक पहुंचाना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भू-जल स्तर में सुधार लाना है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी चैनलों की सफाई और मरम्मत का काम 30 मई से पहले गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आगामी बारिश के मौसम में तालाबों में पर्याप्त जल संचय सुनिश्चित हो सके।

## एक हफ्ते बाद पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में एक हफ्ते तक दिन और रात को गर्मी से कुछ राहत मिलने के बाद शुक्रवार से फिर मौसम बदलना शुरू हुआ है। एक हफ्ते बाद दिन का पारा फिर करीब 2 डिग्री उछलकर 41 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

रात का तापमान भी अभी सामान्य से ज्यादा ही है। शनिवार सुबह से मौसम साफ होने के साथ धूप चढ़ने लगी और गर्मी का असर होने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों में तापमान और धीरे-धीरे बढ़ने के आसार हैं। इससे गर्मी का असर और तेज होगा। गुरुवार को दिन का पारा 39.9 (0) डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य था। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बाद गर्मी का असर तेज होना शुरू हुआ। इस दौरान दिन का तापमान 2 डिग्री बढ़कर 41.2 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल साईं दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा
2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com